* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 203

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


सलमान खान कोलकाता में, ममता बनर्जी ने शॉल ओढ़ा कर स्वागत किया




**WALK-IN-INTERVIEW**

A reputed Real Estate company Requires candidates for the position of

1. Receptionist
2. Office Assistant
3. Accountant

Graduate In Commerce With Account Knowledge

4. Office Manager

Exp. of 2 to 3 yrs will be preferred in each position

**WALK-IN-INTERVIEW**

15-16.05.2023
12.00pm to 4 pm at
House No.- 105, 2nd Floor, Jagriti Bhawan, Opp. Ranchi Nursing Hospital, Ranchi
Mob. No. 7004736443


# कर्नाटक में कांग्रेस की बंपर जीत

## कांग्रेस को मिली 136 सीटें, भाजपा 65 पर सिमटी : राहुल ने कहा, पहली कैबिनेट में वादा करेंगे पूरा, नफरत की दुकानें बंद

### परिणाम एक नजर में

(कुल सीट-224 बहुमत : 113)

कांग्रेस-136, भाजपा-65
जेडीएस-19, अन्य-4

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/बंगलुरू।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनायेगी। शनिवार को आये विधानसभा चुनाव के नतीजों में पार्टी ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया। 224 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस को 136 सीटें मिली हैं। भाजपा को 65 और जेडीएस को 19 सीटें मिलीं। सरकार बनाने के लिए 113 सीटों की जरूरत थी। विधानसभा के लिए 10 मई को वोट डाले गये थे। मतगणना शनिवार सुबह शुरू हुई और शुरुआती रुझान कांग्रेस के पक्ष में रहा। दोपहर करीब 12 बजे कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार घर की बालकनी में आये, कांग्रेस का झंडा फहराया और कार्यकर्ताओं के सामने हाथ जोड़े। उधर, एक बजे के आसपास भाजपा ने हार मान ली। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई मीडिया के सामने आये और कहा कि पार्टी नतीजों की समीक्षा करेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दोपहर में मीडिया से कहा कि कर्नाटक में नफरत की दुकानें बंद हुईं। पहली कैबिनेट में जनता से किया वादा पूरा करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शाम को कांग्रेस को जीत की बधाई दी।



### कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के कारण

जानकारों का कहना है कि कांग्रेस की जीत और भाजपा की हार का कोई एक कारण नहीं है। हिमाचल प्रदेश के बाद चार महीने के भीतर भाजपा ने दूसरा राज्य गंवाया है। हार के कारण और परिस्थितियां भी कमोबेश एक जैसी रही हैं। कांग्रेस वर्तमान भाजपा सरकार के 40 फीसदी कमीशन की छवि को भुनाने में सफल रही। कांग्रेस ने जो पांच वादे किये, वे भाजपा पर भाड़ी पर भारी पड़ा। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बजरंग दल और पीएफआइ को बैन करने की घोषणा की। ये कांग्रेस की सोची हुई चाल थी, क्योंकि किसी भी संगठन को बैन करने का अधिकार केंद्र के पास होता है। सबसे अहम बात यह रही कि ध्रुवीकरण की राजनीति भाजपा की ताकत मानी जाती है, जिसे कांग्रेस तोड़ने में कामयाब रही।


### वोक्कालिगा और अन्य जातियों ने दिया साथ

जानकारों का कहना है कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व जातिगत रणनीति में पिछड़ गयी। लिंगायत वोट बैंक बिखरा। इसकी वजह येदियुरप्पा की अचानक विदाई भी रही। वहीं कांग्रेस ने अच्छी रणनीति तैयार की। कांग्रेस जानती थी कि राज्य के त्रिकोणीय मुकाबले में ज्यादातर इलाकों में उसके और भाजपा के बीच टक्कर है, सिवाय ओल्ड मैसूर क्षेत्र छोड़कर। ओल्ड मैसूर में भाजपा पारंपरिक रूप से कमजोर है। यहां कांग्रेस और जेडीएस के बीच मुकाबला रहता है। कांग्रेस यह जानती थी कि जेडीएस को जितनी अधिक सीटें मिलेंगी, वह सत्ता से उतनी ही दूर होती जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने दो स्तर की रणनीति पर काम किया। भाजपा के खिलाफ मुकाबले के लिए उसने जातीय समीकरण और पांच वादे जैसे स्कीमों को हथियार बनाया। जेडीएस एस को नुकसान पहुंचाने के लिए उसने राज्य के 13 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में पोलराइज्ड करने की रणनीति पर काम किया। कांग्रेस को 80 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिले। वोक्कालिगा और अन्य जातियों का समर्थन भी कांग्रेस को मिला।

### भारत जोड़ो यात्रा का हुआ असर

राहुल गांधी की बारत जोड़ो यात्रा के बाद पहले राज्य का चुनाव हुआ। इस यात्रा के असर को नकारा नहीं जा सकता है। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक में 21 दिन चली और 7 जिलों से गुजरी। इन जिलों में 48 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 32 सीटें कांग्रेस ने जीत ली है। ये 2018 से दो गुने से भी अधिक है। 2018 के विधानसभा चुनाव में यहां कांग्रेस 15 सीटें जीत पायी थी।

### कर्नाटक ने दिखा दिया देश को मोहब्बत पसंद है : राहुल



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली में मीडिया के सामने आये। मीडिया से 6 बार नमस्ते कहा। फिर बोले, सबसे पहले मैं कर्नाटक की जनता को, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को, सब नेताओं को और उनके काम को बधाई देता हूं। हमने नफरत के खिलाफ लड़ाई लड़ी। कर्नाटक ने दिखा दिया कि देश को मोहब्बत पसंद है। राहुल ने कहा कि कर्नाटक के चुनाव में एक तरफ सरकार के करीबी पूंजीपतियों की ताकत थी, तो दूसरी तरफ गरीब जनता की शक्ति थी। इस चुनाव में शक्ति ने ताकत को हरा दिया। यही हर राज्य में होगा। कांग्रेस कर्नाटक में गरीबों के साथ खड़ी हुई। हम उनके मुद्दों पर लड़े। हमने नफरत और गलत शब्दों की मदद से यह लड़ाई नहीं लड़ी। हमने मोहब्बत के हथियार से यह लड़ाई लड़ी। कर्नाटक ने दिखाया कि इस देश को मोहब्बत अच्छी लगती है। राहुल ने कहा कि कर्नाटक में नफरत का बाजार बंद हुआ है, मोहब्बत की दुकानें खुली हैं। यह सबकी जीत है। सबसे पहले यह कर्नाटक की जनता की जीत है। हमने चुनाव में कर्नाटक की जनता से पांच वादे किये थे। हम इन वादों को पहली कैबिनेट मीटिंग में पूरा करेंगे।

### सीएम हेमंत सोरेन ने दी बधाई



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि 'फूट डालो-राज करो' राजनीति की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव जीतने पर कर्नाटक की जनता और कांग्रेस पार्टी को हाई बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

### यूपी : निगमों की सभी 17 सीटों पर भाजपा का कब्जा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 17 नगर निगमों के नतीजे आ गये हैं। सभी सीटों पर भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है। सपा, बसपा और कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। कानपुर नगर निगम में भाजपा की मेयर कैंडिडेट प्रमिला पांडेय दूसरी बार मेयर बनी हैं। उन्होंने करीब 2 लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है। लखनऊ में भाजपा की सुषमा खर्कवाल ने सपा की वंदना मिश्रा को बड़े अंतर से हराया है। गाजियाबाद से भाजपा मेयर प्रत्याशी सुनीता दयाल ने 2.87 लाख वोटों से जीत दर्ज की है। प्रयागराज में भाजपा के उमेश चंद्र गणेश केसरवानी एक लाख 29 हजार 394 मतों से सपा प्रत्याशी अजय कुमार श्रीवास्तव को हराया है। अजय कुमार को एक लाख 62 हजार 42 मत मिले। यहां कुल 494344 वोट पड़े थे।

### जालंधर में आप, स्वार और छानबे पर भाजपा का कब्जा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक की 224 सीटों के अलावा शनिवार को एक लोकसभा और चार राज्यों की चार विधानसभा सीटों के भी रिजल्ट आये। पंजाब की जालंधर लोकसभा सीट पर आम आदमी पार्टी (आप) ने जीत दर्ज की। उसने कांग्रेस से यह सीट छीन ली। जालंधर के अलावा उत्तर प्रदेश में रामपुर की स्वार और मिजार्पुर की छानबे सीट पर भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। वहीं, ओड़िशा की झारसुगुड़ा सीट से बीजू जनता दल और मेघालय की सोहियांग सीट से यूडीपी के प्रत्याशी विजयी हुए हैं। कुल मिला कर कांग्रेस को एक लोकसभा सीट का नुकसान हुआ है। लोकसभा में अब पार्टी के 51 सांसद बचे हैं।









# छात्रा निवेदिता हत्याकांड के आरोपी अंकित ने फेसबुक लाइव आकर खुद को मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पटेल पार्क स्थित हरमू नंद नगर में निवेदिता नाम की छात्रा की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी अंकित कुमार ने आत्महत्या कर ली है। अंकित ने शनिवार को कोकर में खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए बिहार के नवादा समेत कई ठिकाने पर छापेमारी कर रही थी। अंकित कुमार अरगोड़ा में किराये का मकान लेकर रहता था। अंकित और निवेदिता के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दो माह से निवेदिता अंकित से बात नहीं कर रही थी। इससे नाराज होकर अंकित ने इस घटना को अंजाम दिया था। जानकारी के मुताबिक निवेदिता शुक्रवार को अपनी सहेली श्रृष्टि कुमारी के साथ हरमू बाजार में नाश्ता करने के लिए गयी थी। शाम 6.15 बजे वह नाश्ता करने के बाद हॉस्टल लौट रही थी। वह जब हॉस्टल से 50 मीटर की दूरी पर पहुंची, तभी अंकित कुमार उसके पास पहुंचा और उसने निवेदिता से पूछा कि मुझसे बात क्यों नहीं कर रही हो। निवेदिता ने उसकी बात का कोई जवाब नहीं दिया। इसी दौरान अंकित ने निवेदिता को तीन गोली मार दी। एक गोली निवेदिता की आंख में लगी, जबकि दो गोली छाती में लगी। वहीं गोली छिटकने से उसकी सहेली श्रृष्टि भी घायल होकर सड़क पर गिर गयी। गोली की आवाज सुन कर आसपास के लोग घरों से निकले। तब तक अंकित मौके से फरार हो गया था। अंकित को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही थी कि इस बीच उसने आत्महत्या कर ली।

### झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन का 24 को राष्ट्रपति करेंगी उद्घाटन

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन 24 मई को होगा। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) न्यायमूर्ति डीवाइ चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू के आने की संभावना है। हालांकि, इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है, लेकिन सरकार के स्तर पर तैयारी शुरू हो गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। इस संबंध में शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा के बीच वर्चुअल बैठक भी हुई थी, जिसमें उद्घाटन को लेकर चर्चा हुई। गौरतलब है कि झारखंड हाइकोर्ट का नया भवन देशभर में अद्भुत एवं अनोखा होगा। यह न्यू ग्रीन बिल्डिंग 72 एकड़ में फैली हुई है। यह सुप्रीम कोर्ट से लगभग साढ़े तीन गुना बड़ी है। हाइकोर्ट के नये भवन का शिलान्यास सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस अल्तमस कबीर ने नौ फरवरी, 2013 में किया था। यह लगभग 600 करोड़ की लागत से आठ वर्षों में तैयार हुआ है।

## पूछताछ में इडी को सहयोग नहीं कर रहे हैं छवि रंजन

# विष्णु अग्रवाल को लाभ पहुंचाने के सवाल को टालते रहे पूर्व उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाले के मामले में गिरफ्तार आइएएस छवि रंजन पूछताछ में इडी का सहयोग नहीं कर रहे हैं। चार दिन की रिमांड पर लेने के बाद इडी ने शनिवार को उनसे विष्णु अग्रवाल को लाभ पहुंचाने के मामले में सवाल किये। जानकारी के अनुसार रांची के पूर्व डीसी इन सवालों को टालते रहे। इडी का मानना है कि वह विष्णु अग्रवाल को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इडी ने उनके सामने कुछ लिखित सवाल रखे हैं। उनका जवाब मांगा गया, तो आइएएस अधिकारी ने अधिकांश के बारे में याद नहीं होने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि इन सवालों के जवाब फाइल देखने के बाद ही दिये जा सकते हैं।



बता दें कि अदालत ने छवि रंजन को शुक्रवार को चार दिन की रिमांड पर भेजा था। इससे पूर्व छह दिनों की पूछताछ समाप्त होने के बाद उन्हें पीएमएल कोर्ट में पेश किया गया था। उस दौरान इडी ने कहा था कि दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री करने के मामले में गिरफ्तार रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सूचनाएं छिपा रहे हैं। फिलहाल उनसे दस्तावेज और डिटिजल उपकरणों से मिले डाटा के आलोक में पूछताछ की जा रही है। छवि रंजन को सात मई को इडी ने गिरफ्तार किया था। आरोप है कि वर्ष 2020 से 2022 तक रांची के उपायुक्त रहते हुए छवि रंजन ने निजी लाभ के उद्देश्य से गैर-सरकारी लोगों को मदद पहुंचायी। उन्होंने व्यापारी विष्णु अग्रवाल को प्रतिबंधित जमीन और जालसाजी कर तैयार किये गये दस्तावेज के आधार पर जमीन खरीदने में मदद की। इसके लिए उन्होंने विष्णु अग्रवाल के पक्ष में रिपोर्टें लिखीं। उन्होंने उपायुक्त के रूप में काम करने के दौरान प्रेम प्रकाश और व्यापारी अमित अग्रवाल के साथ मिल कर साजिश रची और सेना के कब्जेवाली जमीन की खरीद-बिक्री में प्रदीप बागची को मदद पहुंचायी। इसके परिणाम स्वरूप यह जमीन जगतबंधु टी इस्टेट के नाम पर बिकी। यह कंपनी कोलकाता के व्यापारी अमित अग्रवाल से संबंधित है। फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीन की खरीद-बिक्री के सिलसिले में जारी जांच के दौरान नये तथ्य मिले हैं।







आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 14 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# कर्नाटक में हार का मतलब भाजपा के लिए 'खतरे की घंटी'

## ■ सत्ता में रहने के बावजूद जनता से पूरी तरह कटी रही प्रदेश इकाई
## ■ किसी मजबूत चेहरे का अभाव भी महंगा पड़ गया भगवा पार्टी के लिए
## ■ राहुल गांधी की यात्रा का असर, सरकार के खिलाफ गया कमीशन वाला आरोप

**आजाद सिपाही विशेष**

कर्नाटक के चुनाव परिणाम ने भाजपा के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी को सत्ता से बाहर ही नहीं होना पड़ा है, बल्कि इस परिणाम ने जता दिया है कि भाजपा को राज्य में चुनाव जीतने के लिए राज्य स्तर पर साफ-सुथरा चेहरा भी चाहिए। वह चेहरा, जो जनता के बीच लोकप्रिय हो। जिसकी बातों में गंभीरता और सबसे अलग जो जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का चेहरा हैं, सिर्फ उनके चेहरे की बदौलत राज्यों में चुनाव जीतना संभव नहीं है। कर्नाटक में भाजपा की हार इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अगले छह महीने में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव होगा। वहां भी चुनाव जीतने के लिए उसे राज्य स्तर पर विश्वसनीय नेता की जरूरत होगी। इसके बाद अगले साल आम चुनाव होगा और कर्नाटक ने विपक्ष को यह दिखा दिया है कि भाजपा को हराना नामुमकिन नहीं है। इसलिए कर्नाटक की हार भाजपा के लिए चिंताजनक है। इस हार के कारणों पर बाद में समीक्षा होती रहेगी, लेकिन एक बात तय है कि इस चुनाव ने भाजपा की पूरी चुनावी रणनीति की कमजोरी को उजागर कर दिया है। कर्नाटक में भाजपा की हार की सबसे बड़ी वजह प्रदेश स्तरीय मजबूत चेहरे का न होना रहा। येदियुरप्पा की जगह बसवराज बोम्मई को बीजेपी ने भले ही मुख्यमंत्री बनाया हो, लेकिन सीएम की कुर्सी पर रहते हुए भी उनका कोई प्रभाव नहीं नजर आया, उनके फैसले जनता से कटे रहे। उलटे उनकी सरकार के बारे में यह प्रचारित हो गया कि बिना कमिशन लिये वहां कोई काम नहीं होता। जाहिर है, बिना आग के धुआं नहीं उठता। ठीक इसी तरह भाजपा बंगाल में भी स्थानीय मजबूत चेहरा नहीं होने के कारण चुनाव हार गयी थी, जबकि उसके पहले उसे लोकसभा में शानदार सफलता मिली थी। लोकसभा चुनाव में देश के सामने नरेंद्र मोदी का चेहरा था। बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास ऐसा कोई नेता ही नहीं था कि वह ममता बनर्जी को टक्कर दे सके। उसी तरह कर्नाटक में बसवराज बोम्मई का चेहरा भी कांग्रेस के डीके शिवकुमार के आगे टिक नहीं सका। इसके अलावा कर्नाटक प्रदेश भाजपा की कमजोरी और केंद्रीय नेतृत्व पर उसकी अत्यधिक निर्भरता भी हार का कारण बनी। स्थानीय मुद्दों की बजाय चुनाव को केंद्रीय मुद्दों की तरफ ले जाने का भाजपा का प्रयास भी बुरी तरह विफल हो गया। कांग्रेस की जीत में राहुल गांधी की यात्रा का भी असर दिखा। इस यात्रा ने वहां के मुसलिम मतदाताओं को पूरी तरह कांग्रेस के साथ कर दिया, जबकि पिछले चुनाव में मुसलिम मतदाता जेडीएस और कांग्रेस में बंट गये थे। कुल मिला कर कर्नाटक विधानसभा का चुनाव भाजपा के लिए एक चेतावनी है कि यदि उसने राज्य स्तर पर अपनी मशीनरी में बदलाव नहीं किया, राज्य की पार्टी मशीनरी को सक्रिय नहीं किया, जिन राज्यों में उसकी सरकार है, अगर उन सरकारों के क्रियाकलापों पर नजर नहीं रखी, तो फिर वहीं रिजल्ट होगा, जो झारखंड में हुआ था। अगर भाजपा नहीं चेती, तो आनेवाले चुनाव भी अलग परिणाम दे सकते हैं। कर्नाटक में भाजपा की हार के कारणों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

गांवों में एक कहावत अकसर सुनी जाती है, मरने का डर नहीं है, डर तो यमराज के घर देख लेने का है। कर्नाटक का चुनाव परिणाम भाजपा के लिए यही डर लेकर आया है। पिछले पांच साल में यह पहला बड़ा राज्य है, जहां भाजपा को सत्ता से बेदखल होना पड़ा है, ठीक उसी तरह, जिस तरह झारखंड में हुआ था। इससे पहले पिछले साल पार्टी को हिमाचल प्रदेश में भी हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन वह बहुत छोटा राज्य है, इसलिए संदेश बहुत नहीं फैला। पिछली बार 2018 में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में पार्टी चुनाव हारी थी। कर्नाटक में हुई हार भाजपा के लिए खतरे की घंटी है, क्योंकि इसने भाजपा को एक साथ कई संदेश दिये हैं। भाजपा ने कर्नाटक जीतने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था, यहां तक कि उसने अपने सबसे बड़े हथियार ब्रांड मोदी को भी मैदान में उतार दिया था, अमित शाह ने भी कमर कस ली थी, लेकिन कर्नाटक भाजपा के स्थानीय लोगों से जुड़ाव और सरकार के कामकाज ने उसके हर हथियार को विफल कर दिया।

इस साल कर्नाटक के बाद अब पांच अन्य राज्यों में चुनाव होने हैं। इनमें राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना शामिल हैं। राजस्थान में अभी तक राज्य स्तर पर उसके पास कोई निर्विवाद नेता सामने नहीं आया है। मध्यप्रदेश में भी शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ माहौल बना है। शिवराज के चेहरे पर भाजपा वहां चुनाव जीत पायेगी, इसमें संदेह है। छत्तीसगढ़ में भी उसे नये विश्वसनीय चेहरे के साथ मैदान में उतरना होगा, तभी वह टक्कर दे सकती है। इसके अलावा अगले साल यानी 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। इसके बाद सात राज्यों में चुनाव होने हैं। कुल मिला कर अगले दो सालों में लोकसभा के साथ-साथ 13 बड़े राज्यों के चुनाव होने हैं। इनमें कई दक्षिण के राज्य भी हैं। इसलिए भाजपा के लिए कर्नाटक की हार को बड़ा झटका माना जा रहा है।

### क्यों हार गयी भाजपा

तो फिर सवाल उठता है कि भाजपा को कर्नाटक में हार का सामना क्यों करना पड़ा। दरअसल



कर्नाटक में भाजपा की प्रदेश इकाई नहीं, केंद्रीय नेतृत्व चुनाव लड़ रहा था। किसी राज्य के विधानसभा चुनाव में प्रदेश इकाई की उदासीनता का यह सबसे बड़ा उदाहरण था। उम्मीदवार चयन से लेकर बूथ कमेटियों की बैठक तक में केंद्रीय नेतृत्व सक्रिय रूप से शामिल हुआ। पार्टी के पास न कोई स्थानीय नेता था और न ही कोई मुद्दा। येदियुरप्पा के स्थान पर बासवराज बोम्मई को सीएम बना कर भाजपा ने चेहरा चमकाने की कोशिश जरूर की, लेकिन नये सीएम की कोई भूमिका पूरे चुनाव में नहीं दिखी। सरकार चलाने के दौरान भी वह अपनी छवि को जनता के सामने विश्वसनीय नहीं बना सके। इसके अलावा भ्रष्टाचार का मुद्दा भी भाजपा की हार की वजह रहा। कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ शुरू से ही '40 फीसदी पे-सीएम करप्शन' का एजेंडा सेट किया और यह धीरे-धीरे बड़ा मुद्दा बन गया। इतना ही नहीं, कर्नाटक के राजनीतिक समीकरण को भी भाजपा साध कर नहीं रख सकी। भाजपा न ही अपने कोर वोट बैंक लिंगायत समुदाय को अपने साथ जोड़े रख पायी और ना ही दलित, आदिवासी, ओबीसी और वोक्कालिंगा समुदाय का ही दिल जीत सकी। कर्नाटक में एक साल से भाजपा के नेता हलाला, हिजाब से लेकर अजान तक के मुद्दे उठाते रहे। इसका असर यह हुआ कि वहां मुसलिम मतदाता पूरी तरह से कांग्रेस के साथ आ गया, जबकि पिछले चुनाव में वह जेडीएस और कांग्रेस में बंटा था। एन चुनाव के समय बजरंग बली की भी एंट्री हो गयी, लेकिन धार्मिक ध्रुवीकरण की ये कोशिशें भाजपा के काम नहीं आयीं। कांग्रेस ने बजरंग दल को बैन करने का वादा किया, तो भाजपा ने बजरंग दल को सीधे बजरंग बली से जोड़ दिया और पूरा मुद्दा भगवान के अपमान का बना दिया। दरअसल, कर्नाटक में इस बार शुरू से ही भाजपा बैकफुट पर नजर आ रही थी और कांग्रेस काफी आक्रामक थी। ऐसे में भाजपा की इस हार का मतलब साफ है। यदि इसके कारणों की तलाश की जाये, तो सबसे बड़ा कारण स्थानीय स्तर पर आंतरिक कलह रहा।

### सत्ता विरोधी लहर

कर्नाटक में भाजपा की हार की बड़ी वजह सत्ता विरोधी लहर की काट नहीं तलाश पाना भी रहा है। भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर हावी रही, जिससे निपटने में वह पूरी तरह से असफल रही। इसलिए कहा जा रहा है कि राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए खतरे की घंटी हैं। इन नतीजों से पता चला है कि प्रदेश स्तर पर अगर उसके नेता मजबूत नहीं हैं, चेहरा साफ-सुथरा नहीं है, तो भाजपा के खिलाफ मतदान कर सकते हैं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि कर्नाटक के लोग बासवराज बोम्मई की भाजपा सरकार से तंग आ चुके थे। वहां सत्ता विरोधी लहर थी। हालांकि यह अभी तय नहीं है कि कर्नाटक के नतीजों का लोकसभा चुनाव पर कोई प्रभाव पड़ेगा ही। 2019 से पहले भाजपा ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हार का सामना किया था, लेकिन आम चुनाव में उसे शानदार कामयाबी मिली थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए सुकून वाली बात यह है कि विपक्ष के पास अभी मोदी की टक्करवाला कोई चेहरा नहीं है। देश स्तर पर मोदी का कद काफी मजबूत है और उन पर जनता विश्वास भी कर रही है। करप्शन के खिलाफ उनका आक्रामक रुख जनता को पसंद है।

### हट नहीं पा रहा उत्तर भारत की पार्टी का टैग

इन कारणों के अलावा भाजपा को अभी भी दक्षिणी राज्यों में उत्तर भारत की पार्टी के रूप में माना जाता है और पिछले चार वर्षों की घटनाओं ने इस धारणा को पुख्ता किया है। गोमांस पर विवाद हो या हिंदी भाषा की प्रधानता, केंद्र सरकार को आरएसएस के एजेंडे को बढ़ावा देनेवाली ताकत के रूप में देखा जाता है। आरएसएस के हिंदुत्व द्वारा परिभाषित जीवन का तरीका अभी भी कर्नाटक के लोगों के लिए कुछ अलग है। बेंगलुरु और राज्य के अन्य हिस्सों में रहनेवाले उत्तर भारतीय बड़े पैमाने पर युवा हैं, जो हिंदुत्व संगठनों द्वारा की जानेवाली नैतिक पुलिसिंग से असहज हैं। यह वर्ग प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के पक्ष में तो है, लेकिन जरूरी नहीं कि कर्नाटक में भाजपा शासन को लेकर उत्साहित हो। इसलिए पार्टी को शहरी इलाकों में हार का सामना करना पड़ा।

कुल मिला कर कर्नाटक में भाजपा के लिए कुछ भी सही नहीं रहा। राज्य स्तर पर उसकी चुनावी रणनीति बिखरी हुई नजर आयी। यह परिणाम उसके लिए यही संदेश लेकर आया है कि पार्टी को ब्रांड मोदी के साथ स्थानीय नेतृत्व को भी सामने लाना चाहिए। उसे अब ब्रांड मोदी को किसी ब्रह्मास्त्र की तरह यदा-कदा ही इस्तेमाल करना होगा, वरना इस हथियार की चमक फीकी पड़ती जायेगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इस परिणाम के पीछे छिपे संदेश को कितनी जल्दी पढ़ कर लागू करने में सफल होती है।

---

**आजाद सिपाही में छपी खबर का असर**

# चिकित्सकों की टीम पहुंची बालिका आवासीय विद्यालय

- बीमार सभी छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की
- बीडीओ सह सीओ भी विद्यालय पहुंचे

**संतोष सिन्हा/विनय कुमार**

**हेरहंज (लातेहार) (आजाद सिपाही)।** हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में वॉर्डन एलिजाबेथ कुमुद टोप्पो के द्वारा छात्राओं को दो-दो सौ बार उठक बैठक करवाने के कारण छात्राओं की तबीयत बिगड़ गयी। इसमें कुछ छात्राओं का गुरुवार रात्रि से ही इलाज चल रहा था। इसी मामले को लेकर दैनिक आजाद सिपाही ने प्रथम पृष्ठ पर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। खबर छपने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम शनिवार सुबह लगभग 9 बजे झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हेरहंज पहुंची। इस टीम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम, डॉ ध्रुव सत्य महतो, लैब टैक्नीशियन निरंजन कुमार, संजय कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे। मेडिकल टीम ने बारी-बारी से बीमार सभी छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की और दवाइयां भी दीं।



इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास भी कस्तूरबा विद्यालय पहुंचे। श्री दास ने कहा कि आज से विद्यालय में गर्मी की छुट्टी हो रही है। सभी बच्चियां अपने-अपने घर जा रही हैं, इसलिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी बच्चियों की अच्छी तरह जांच कर दवा उपलब्ध करा दे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चियों से घटना की जानकारी ली और बच्चियों को होनेवाली दिक्कतों की भी जानकारी ली। अभी भी कई छात्राओं के पैर में सूजन है। गौरतलब हो कि यह मामला गुरुवार शाम का है। छात्राओं का इलाज कभी बालूमाथ तो कभी हेरहंज अस्पताल में किया जा रहा है। दो छात्रा उषा कुमारी और प्रीति कुमारी की हालत ज्यादा गंभीर थी, जिनका इलाज शुक्रवार की रात्रि में भी हेरहंज अस्पताल में कराया गया। कई छात्राओं को स्लाइन भी चढ़ायी गयी। इस द्वौरान बीडीओ भी शाम 7 बजे से लेकर 9 बजे तक अस्पताल में उपस्थित रहकर स्थिति का जायजा लेते रहे। रात्रि 10 बजे भी पांच छात्राओं को अस्पताल लाया गया, जिनका इलाज रात में हुआ। स्थिति में सुधार होने के बाद उन्हें सुबह 5 बजे पुनः विद्यालय लाया गया।

---

## रातू-ठाकुरगांव सड़क पर बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के रातू-ठाकुरगांव सड़क पर मलमाडु के समीप शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। इस संबंध में मृतक के परिजनों में रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। बाइक सवार ने एक युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में हुरहुरी निवासी युवक सलीम अंसारी की मौत हो गयी, जबकि पल्सर बाइक चालक मलमाडु निवासी सुनील उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज झखराटांड़ स्थित निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। थाना प्रभारी सपन महथा ने शनिवार को बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

---

**मई के अंत तक निकल सकता है विज्ञापन**

# बहुत जल्द 946 दारोगा, सार्जेंट मेजर और समकक्ष पदों पर होनेवाली है नियुक्ति

- झारखंड से मैट्रिक-इंटर की परीक्षा पास करने की अनिवार्यता हटाने के बाद रास्ता साफ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बहुत जल्द 946 दारोगा, सार्जेंट मेजर और समकक्ष के पदों पर नियुक्ति होनेवाली है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) बहुत जल्द इसके लिए विज्ञापन निकालनेवाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में तकरीबन 946 से 950 के करीब रिक्त पदों के लिए नियुक्तियां होनेवाली हैं। बता दें कि पिछले साल हाइकोर्ट के द्वारा नियोजन नीति रद्द किये जाने के बाद से ही ये सारे पद रिक्त थे। इसके अलावे भी आनेवाले कुछ दिनों में अन्य विभागों के लिए भी बहुत जल्द विज्ञापन निकलनेवाला है। इससे पहले नीरज सिन्हा के डीजीपी रहते हुए भी पुलिस विभाग को एक बार अधिसूचना भेजी थी, लेकिन नियोजन नीति रद्द होने की वजह से फिर से अधियाचना में संशोधन कर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को भेजा गया है। दारोगा, सार्जेंट मेजर और समकक्ष पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी को यह दूसरी बार अधियाचना भेजी गयी है। इसके अलावा भी पुलिस मुख्यालय ने कांस्टेबल के पद पर नियुक्ति के लिए प्रस्ताव तैयार करना शुरू कर दिया है। इससे पहले राज्य में पुलिस विभाग में बीते 23 साल में केवल दो बार दारोगा और समकक्ष पदों पर नियुक्ति की गयी है। पहली बार साल 2012 में 380 पदों पर और 2018 में 2580 पदों पर बहाली हुई थी।

---

# गिरिडीह में फायरिंग, बाल-बाल बचे दंपती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** बिरनी थाना क्षेत्र के तेतरिया स्लायडीह गांव में शुक्रवार की देर रात एक सनकी प्रेमी ने शादी-शुदा प्रेमिका रोजी परवीन और उसके पति सद्दाम पर तीन राउंड फायरिंग की। इसमें दोनों बाल-बाल बच गये। कहा जा रहा है कि इसमें दो युवक शामिल थे।

घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ नौशाद आलम और बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह भी घटनास्थल पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एक पिस्तौल और एक खोखा भी बरामद हुआ है। एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि मामला अभी तक की जांच में प्रेम प्रसंग के रूप में ही सामने आया है। पुलिस उसी एंगल से जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार रोजी परवीन का बिरनी थाना इलाके के बरवा चतार गांव के युवक नजाम अंसारी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच उसकी शादी तेतरिया स्लायडीह गांव के सद्दाम से हो गयी। इसी गुस्से में नजाम ने भाई सद्दाम के साथ मिल कर शुक्रवार की देर रात सो रही प्रेमिका और उसके पति पर तीन राउंड फायरिंग की। उनकी किस्मत अच्छी थी कि वे बाल-बाल बच गये। गोली चलाने के बाद नजाम भाग गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 35.2 °c | 22.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.22 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.09 बजे | |



### आरोप : बगैर पुलिस की मदद से जमीन की घेराबंदी नहीं हो सकती

# जमीन के फर्जीवाड़े में पुलिस भी हिस्सेदार, जांच करे इडी: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में हुई जमीन के फर्जीवाड़े में राज्य के कई पुलिसकर्मी भी हिस्सेदार हैं। उनके सहयोग के बगैर फर्जी जमीन में चहारदीवारी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) इस तरह की शिकायतों की गहराई से जांच करे और उन पुलिसकर्मियों को चिह्नित कर कार्रवाई करे। बाबूलाल ने ट्वीट करते हुए कहा कि वह शुरू से कह रहे हैं कि गरीबों और आदिवासियों की जमीन भू-माफियाओं के हवाले कराने के खेल में सिर्फ दलाल, जालसाज और सत्ताधारी ही शामिल नहीं हैं, बल्कि कुछ पुलिस के लोग भी इसमें बराबर के हिस्सेदार और गुनहगार हैं।

### भू-माफियाओं से अपनी जमीन छुड़ाने के लिए दर-दर भटक रहे गरीब-आदिवासी

बाबूलाल ने कहा कि एक तरफ गरीब-आदिवासी भू-माफियाओं से अपनी जमीन छुड़ाने के लिए कोर्ट का आदेश लेकर पुलिस की मदद के लिए दर-दर भटक रहे हैं, दूसरी तरफ यही पुलिस माफियाओं से लाभ लेकर रात के अंधेरे में भी जमीन कब्जा करवाती रही है। बजरा, सेना और मेडिका के बगल की जमीन तो नमूना मात्र है। ऐसी सैंकड़ों जमीन पर सत्ता की सांठगांठ से प्रशासन और पुलिस ने माफियाओं का कब्जा करवाया है।

### नीति आयोग शासी निकाय की बैठक 27 मई को

रांची। नीति आयोग शासी निकाय की बैठक 27 मई को नयी दिल्ली में होगी। झारखंड से इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह शामिल होंगे। ये दोनों झारखंड सरकार की तरफ से मांग और पक्ष प्रस्तुत करेंगे। शासी निकाय में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री सदस्य होते हैं। राज्य योजना विभाग ने सभी विभागों से नीति आयोग निकाय की बैठक रखे जानेवाले विभागीय मांग पत्र देने के लिए पत्र भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बैठक को लेकर केंद्रीय कैबिनेट सचिव 18 मई को सभी राज्यों के मुख्य सचिव के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करेंगे।

SYMBIOSIS PUBLIC SCHOOL
(AFFILIATED TO C.B.S.E, NEW DELHI UPTO 10+2)
Near-Toll Plaza, Bundu, Ranchi-835204, JHARKHAND
e.mail:symbiosisbundu@gmail.com www.symbiosispublicschool.com
For more detail contact -9835108162 / 9939339329
ADMISSION OPEN FOR STD. XI (2023-24)
- Admission open for Std. XI for Science and Commerce streams.
- Forms and Prospectus for the admission are made available in school office and online on our Website.
- Scholarship available for Meritorious Students.
SEPARATE HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR BOYS AND GIRLS
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE from Ranchi, Arki, Tamar, Sonahatu, Jamudag, Rahe & Bundu Bazar

# वायरल वीडियो प्रकरण में सुप्रियो ने भाजपा नेताओं से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने झारखंड प्रदेश के भाजपा नेताओं से नाराजगी जतायी है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोला है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान सुप्रियो ने कहा कि कुछ दिनों पहले कमर दर्द से राहत के लिए नामकुम के एक वैद्य से उन्होंने मदद ली थी। इलाज कराने के दौरान वैद्य ने प्रमोशन के लिए वीडियो बनायी थी, पर इसे भाजपा वालों ने अभद्र तरीके से एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। उन्होंने इस मामले में जब लालपुर थाने में केस दर्ज कराया, तो इसे डिलिट कर दिया गया। कहा कि इस प्रकरण से भाजपा नेताओं के नफरत फैलाने का कैरेक्टर जाहिर होता है। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और दीपक प्रकाश इस मामले पर जवाब दें। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच में इस पूरे मामले की सत्यता सामने आ ही जायेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।
- **वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.
- **मिथुन** — रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।
- **सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा
- **कन्या** — धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।
- **वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।
- **धनु** — निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

# युवा क्रिकेटरों को तराशने के लिए लगेगा नमो क्रिकेट कैंप: संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राजधानी के कांके स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल में 1 जून से 10 दिवसीय नमो क्रिकेट कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस क्रिकेट कैंप का संचालन भूतपूर्व रणजी खिलाड़ी प्रदीप खन्ना के मार्गदर्शन में होगा। कैंप में नवोदित अंडर 17 क्रिकेटरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर के लिए फॉर्म स्कूल के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की उम्र सीमा 15 से 17 वर्ष निर्धारित की गयी है। इसके लिए रांची के सभी स्कूलों से संपर्क किया जा रहा हैं। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 मई रखी गयी है। रांची के सांसद संजय सेठ ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रांची में क्रिकेट की अपार संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को थोड़ा सा तराश कर और बेहतर किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से इस क्रिकेट कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में हिस्सा लेने वाले बच्चों का एक ट्रायल लिया जायेगा। उसके आधार पर 50 बच्चों को प्रशिक्षण के लिए सेलेक्ट किया जायेगा। ट्रायल 28 मई (रविवार) को शारदा ग्लोबल स्कूल में संपन्न होगा।

# कर्नाटक में कांग्रेस की बंपर जीत पर रांची में जश्न

**बजरंगबली का मुखौटा पहने हाथ में गदा लिये हुए थे कांग्रेस कार्यकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आने के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय रांची में रविवार को जश्न का माहौल था, ढोल-नगाड़े-पटाखों के साथ कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, विधायक दीपिका पांडे सिंह, अनूप सिंह, पूर्व विधायक ममता देवी, महासचिव विनय सिन्हा दीपू, राकेश सिन्हा, रविंदर सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ रमा खलखो, गजेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मोहब्बत का पैगाम जीता : राजेश ठाकुर

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आज कर्नाटक की जनता ने 40 प्रतिशत रिश्वतखोरी वाली भाजपा की सरकार को शिकस्त दी है। एक बार फिर वहां की जनता ने कांग्रेस पार्टी के ऊपर विश्वास जताया है, पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए कर्नाटक की जनता का आभार। कर्नाटक का परिणाम यह साबित कर दिया कि राहुल गांधी ने जो भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक लगभग 4000 किलोमीटर पैदल चल कर देश की जनता को मोहब्बत का पैगाम दिया, नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना है जैसी बातों का असर देखने को इस चुनाव में मिला है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक के चुनाव में भाजपा एक बार फिर से नफरती एजेंडा लेकर मैदान में उतरी थी, लेकिन वहां की समझदार जनता ने भाजपा के नेताओं की बातों पर रत्ती बराबर भी ध्यान नहीं दिया, हद तो तब हो गयी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक में रह कर लगातार सभा पर सभा और रोड शो करते रहे, उसके बावजूद भी मोदी की बातों को वहां की जनता ने तरजीह नहीं दी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आगे कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह ने जहां-जहां रैलियां की, वहां भाजपा हारी है। इसका मतलब साफ है कि देश की जनता अब भाजपा को सत्ता में देखना नहीं चाहती है। उन्होंने जीत की खुशी में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सिदा रमैया, डी के शिवकुमार, कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, एवं वहां की जनता को बधाई दिया।

### देश में कांग्रेस के पक्ष में अब हवा बहनी शुरू : आलमगीर

विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि देश में कांग्रेस के पक्ष में अब हवा बहनी शुरू हो गयी है। कर्नाटक की जनता ने एक भ्रष्टाचारी सरकार को सत्ता से बेदखल किया है। अब यह सिलसिला लगातार चलता रहेगा और जिस भी राज्य में चुनाव होगा वहां कांग्रेस की जीत का परचम लहराता नजर आयेगा। कर्नाटक के चुनाव का असर 2024 के लोकसभा इलेक्शन में भी देखने को मिलेगा। मैं कर्नाटका की जनता को बधाई देता हूं कि उन्होंने कांग्रेश पार्टी को पूर्ण बहुमत से जिताया है कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो देश के लोकतंत्र की हिफाजत कर सकती है। भाजपा ने जिस तरह से देश के लोकतंत्र को खत्म करने का काम किया है, कर्नाटक का इलेक्शन उसी का परिणाम है। देश की जनता देश के लोकतंत्र को बीजेपी के हाथों खत्म होते देखना नहीं चाहती है। कर्नाटक के चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस मुख्यालय के जश्न में शशि भूषण राय, शमशेर आलम, सूर्यकांत शुक्ला, कमल ठाकुर, नरेश वर्मा, बेलश तिर्की, राखी कौर, नीतू देवी, कविता देवी, सुभद्रा महली, नीलम सहाय, सनिता सिन्हा, रेखा सनगा, सगीता कुमारी, जयनाथ साहू, अजय जैन, केदार पासवान, पप्पू अजहर, आलोक तिवारी, मेहुल प्रसाद, गौरव सिंह, राखी प्रियदर्शिनी, डॉ समीर निरंजन, सलीम खान, निरंजन पासवान, वारिश कुरैशी, पप्पू अजहर, रजनीश साहू, प्रिंस बट्ट, सदाब खान, अख्तर अली सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे।

### कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से पूरे देश में खुशी की लहर: ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह



रांच (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि कर्नाटक में कांग्रेस की बड़ी जीत जनता की जीत है। इससे पूरे देश में खुशी की लहर है। वहां हर काम में 40 परसेंट कमीशन आम बात हो गयी थी। जनता तबाह थी, भ्रष्टाचार चरम पर था, कोई सुनने वाला नहीं था। जनता सब देखती है। हमारे नेता राहुल गांधी ने सबसे पहले स्पष्ट कर दिया है कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने पर अपने वादों को पहली ही कैबिनेट में लागू किया जायेगा। अब यह समझा जा रहा है कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कांग्रेस की भारी जीत होगी। वहीं 2024 में केंद्र से भाजपा बेदखल होगी और वहां भी कांग्रेस की सरकार बनेगी। कर्नाटक की जनता को बहुत-बहुत बधाई और उनकी सूझबूझ के लिए आभार।

### प्रशांत सिंह आइपीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

**रांची।** आइपीएस प्रशांत सिंह (वर्तमान चैयरमैन, पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड) को सर्वसम्मति से झारखंड राज्य आइपीएस एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। वहीं आइपीएस अनूप बिरथरे (डीआइजी-रांची) को एसोसिएशन का सचिव चुना गया है। इसको लेकर डोरंडा के खुखरी गेस्ट में एक आइपीएस एसोसिएसन की बैठक आयोजित की गयी थी। इसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव पद का चुनाव होना था। इसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए आइपीएस राजकुमार मल्लिक एडीजी (वारलेस) ने प्रशांत सिंह का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया, जिस पर एसोसिएशन के सभी अधिकारियों ने सहमति जतायी। बता दें कि प्रशांत सिंह झारखंड कैडर के 1992 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। वे डीजी पद पर पदस्थापित हैं। इन्होंने बिहार और झारखंड में 32 वर्षों तक विभिन्न जिलों में एसपी एवं पुलिस मुख्यालय में विभिन्न पदों पर सेवाएं दी हैं। वर्तमान में पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चैयरमैन के रूप में कार्यरत हैं। वहीं अनूप बिरथरे 2007 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। वे रांची जोन के डीआइजी के रूप में कार्यरत हैं।

# मांग पत्र के साथ राज्यपाल से मिलेगा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

**ग्रीष्मकालीन छुट्टी में कटौती पर आपत्ति जतायी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने सदस्यों के साथ शनिवार को आनलाइन की। इस बैठक में विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने ग्रीष्मकालीन छुट्टी में कटौती पर आपत्ति जतायी।

महासंघ के सभी सदस्यों ने एकमत से कहा कि उच्च शिक्षा के प्राध्यापक को पठन-पाठन के लिए तैयारी के साथ ही रिसर्च भी करना पड़ता है। कई विश्वविद्यालयों में गर्मी की छुट्टियों में परीक्षा कार्य और मूल्यांकन कार्य के लिए प्राध्यापकों को कार्य करने के लिए विवश किया जाता है, यह बिल्कुल गलत है। एक तरफ केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक सप्ताह में पांच दिन ही कार्य करते हैं, जबकि राज्य के विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों को सप्ताह में छह दिन काम करना पड़ता है। इन विसंगतियों को दूर कर एकरूपता लाने की आवश्यकता है।

बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि उच्च शिक्षा के विभिन्न विश्वविद्यालयों में ग्रीष्मावकाश को कम करने का पुरजोर विरोध करते हुए एबीआरएसएम का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिल कर इसके निराकरण की मांग करेगा। साथ ही प्रोन्नति की विसंगतियों को समाप्त करने, पीएचडी इन्क्रीमेंट का लाभ देने की मांग करेगा।

बैठक में डॉ प्रीतम कुमार, डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ सुनीता कुमारी गुप्ता, डॉ राजकुमार चौबे, डॉ अजय कुमार सिन्हा, डॉ अंजनी शर्मा सहित कुल 32 प्राध्यापक मौजूद थे।

### दी जानकारी : भवन निर्माण सलाहकार और आर्किटेक्ट मीट का आयोजन

# एएसी ब्लॉक निर्माता कंपनी शारदा एक्सेल ने मनायी पहली वर्षगांठ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** शनिवार को भवन निर्माण सामग्री उत्पादक कंपनी शारदा एक्सेल ने अपनी पहली सालगिरह मनायी। इस मौके पर कंपनी के द्वारा होटल चाणक्य बीएनआर में भवन निर्माण सलाहकार और आर्किटेक्ट मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजकों ने सीसीएल/ सीएमपीडीआइ/ एनबीसीसी/ बीसीडी/ मेकॉन/ जुडको/ सेल और सभी प्राइवेट भवन निर्माण सलाहकार और आर्किटेक्ट का धन्यवाद किया। इस मौके पर कंपनी के निदेशक मनीष धानुका, सौरभ शारदा, अनूप किशोर, जनरल मैनेजर (प्लॉट) अभिषेक मिश्रा, मार्केटिंग हेड अभिषेक श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा और अन्य लोग उपस्थित रहे।

एक्सेल ब्रांड झारखंड की सबसे बड़ी एएसी ब्लॉक (ऑटोक्लेव्ड वातित कंक्रीट ब्लॉक) उत्पादक कंपनी है। इसकी क्षमता 15000 क्यूबिक मीटर प्रति मास है और ये कंपनी अपना उत्पादन नवीनतम तकनीक के द्वारा करती है। इसके बनाने में मुख्यतः फ्लाईअश, क्विकलाइम, जिप्सम, सीमेंट, एल्युमीनियम पाउडर का उपयोग होता है। इस एसीसी ब्लॉक को भविष्य में लाल ईंट, फ्लाईअश ईंट सहित सभी प्रकार की ईंटों के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि एसीसी ब्लॉक पर्यावरण के अनुकूल किफायती, कम वजनी, जल प्रतिरोधी, अग्नि प्रतिरोधी, उच्च ऊष्मा रोधन, उच्च ध्वनि रोचन जैसी गुणवत्ता से सुसज्जित है। एक्सेल एएसी ब्लॉक वजन में हल्के होते हैं, इसलिए इन्हें बड़े आकार (625एमएम लंबे 200-250एमएम ऊंचे और 100-250एमएम तक मोटा) में बनाया जाता है। हल्के होने के कारण इमारत के भार में 30 प्रतिशत तक की कमी आती है। इस कारण स्टील तथा कंक्रीट की लागत में 25 प्रतिशत की बचत होती है तथा श्रम लागत में भी बचत होती है। यह उत्पाद निर्माण कार्य के लिए पूरे विश्व में स्वीकृत है।

कंपनी का प्लांट रांची से 90 किलोमीटर और जमशेदपुर से 30 किलोमीटर पर राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चौका में अवस्थित है। एक्सेल ब्रॉड ने सभी प्रकार के मानक और प्रमाणिकता से गुजर कर लोगों के दिलों में अपनी जगह बनायी है। इस कंपनी के पास आइएसआइ / ग्रिहा/ग्रीन प्रो/आजीबीसी का सर्टिफिटेक है, जो इसे औरों से अलग करता है। इस कंपनी का मुख्य बाजार बिहार, झारखंड, बंगाल और ओड़िशा है।

# कर्नाटक की जनता का कांग्रेसियों ने जताया आभार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा है कि कर्नाटक की शानदार जीत पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सहित कर्नाटक के सभी नेता कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। कर्नाटक की जनता ने बेरोजगारी, महंगाई, नफरत, भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए कांग्रेस पर भरोसा किया है। कांग्रेस नेताओं ने इस भरोसे के लिए कर्नाटक की जनता का आभार जताया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कर्नाटक की जीत बेरोजगार युवाओं, महंगाई से जूझती गृहिणियों, कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार से लड़नेवालों और परेशान, बेहाल हो चुके किसानों की जीत है। वहीं आलोक दुबे ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा आज यानी 14 मई को सुबह 11:30 बजे आंबेडकर चौक डोरंडा पर जीत का जश्न मनाया जायेगा और कर्नाटक की जनता के प्रति आभार प्रकट किया जायेगा।

## अवैध शराब बनाने वाले उपकरण और भट्ठी नष्ट

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजावर पंचायत के कुशहनियां, फटलहिया में थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के नेतृत्व में जैप के जवानों के साथ एलआरपी करते हुए अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी किया गया जिसमें कुशहनियां के सुदूरवर्ती इलाके धोमनी जंगल में दो शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया। साथ ही साथ 15 ड्रम को विनष्ट किया गया। वहीं करीब 4 क्विंटल संचित जावा महुआ को भी विनष्ट किया गया और शराब बनाने वाले उपकरण को विनष्ट किया गया। मौके पर थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, पुलिस बल के जवान संत कुमार पांडेय, लव कुमार शर्मा और जैप के जवान उपस्थित थे।

## बाल शोषण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा जेएसएलपीएस के सक्रिय महिला सदस्यों के साथ लोकाई और हीरोडीह पंचायत भवन में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण और भ्रूण हत्या की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला बाल संरक्षण ईकाई के कर्मियों द्वारा सक्रिय महिलाओं को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण एवं भ्रूण हत्या की रोकथाम हेतु गांव स्तर पर ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए प्रेरित किया गया।

## स्वच्छता अभियान चलाया

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत सदर अस्पताल कोडरमा में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस क्रम में सिविल सर्जन समेत सदर अस्पताल के चिकित्सक व कर्मियों ने अस्पताल की साफ सफाई की। मौके पर उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज कुमार, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमण कुमार, दंत चिकित्सक पदाधिकारी डॉ. शरद समेत चिकित्सक पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## मंत्री को समस्याओं से अवगत कराया

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने समाहरणालय भवन में आयोजित योजना समिति के बैठक में बड़कागांव की मूल समस्याओं को मंत्री सत्यानंद भोक्ता डीसी मैडम और डीडीसी मैडम की उपस्थिति में बड़कागांव चौक में बड़ी गाड़ियों के आगमन से हो रहे जाम, काली मंदिर, डेली मार्केट और साक्षी नर्सिंग होम के सामने जमा नाली का पानी की समस्या, बेरोजगारी और बंद पड़े जल मीनार पानी की विकट परिस्थितियों बंद पड़े सोलर लाइट और जगह-जगह पर खराब रोड की समस्या से अवगत करायी। साथ ही साथ विस्थापन की समस्या और गैरमजरूआ जमीन पर भी बात रखी ताकि लोगों की समस्या का निराकरण जल्द से जल्द हो सके।

## संजीवनी अकादमी में टीकाकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवारा।** प्रखंड के पिपराही (बेहराय) में स्थित संजीवनी अकादमी में शनिवार को खसरा और रुबेला का टीका दिया गया। टीका लगाने के पूर्व भोंडो पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य बिनोद यादव ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि खसरा और रुबेला एक संक्रमित बीमारी है। निदेशक संजीव कुमार ने कहा कि भारत सरकार ने खसरा और रूबेला जैसी बीमारियों को खत्म करने के लिए देशव्यापी अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी मे आज विद्यालय में बच्चों को टीकाकरण करवाया जा रहा है। एनएम प्रमिला कुमारी ने बच्चों को टीका लगाया ।मौके पर शिक्षिका मंजू कुमारी, निशा वर्णवाल, निधि राज, लक्ष्मी शर्मा के साथ साथ कई बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## हजारीबाग जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

# 14 हजार से अधिक मामले निबटे, 10.86 लाख की परिसंपत्ति वितरित

### प्रधान जिला न्यायाधीश, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक हुए शामिल




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के सबसे निचले तबके के व्यक्ति तक कानूनी अधिकार, सरकारी लाभ के साथ साथ सभी सुलहनीय मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाये जा सकते हैं उनका लाभ पहुंचाना है। इस कड़ी की सबके महत्त्वपूर्ण जिम्मेवारी जिला प्रशासन है। इसी जागरूकता को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का विधिवत शुभारंभ हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा और पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ने लोगों से कानून का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस शिविर का एक मात्र उद्देश्य लोगों को कानूनी जानकारी से लैस करते हुए अपने अधिकारों को जानना है तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का समुचित लाभ लेना है। उन्होंने कहा की जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन न्यायालय के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य कर रहा है जो निश्चय ही सकारात्मक पहल है। उन्होंने सभी प्रखंडों में आयोजित शिविर में शामिल होकर लाभ लेने की बात कही। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर जिला प्रशासन के साथ मिलकर हजारीबाग के सभी प्रखंडों में आयोजित किये जा रहें है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जरूरतमंदो के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं चला रही है।

प्रशासन हरसंभव योजनाओं से लोगो को अच्छादित करने के लिए कई जागरुकता अभियान चलाती है ताकि लोकहित से जुड़ी योजनाएं जरूरतमंदो को मिल सके। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व में भी सशक्तिकरण शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया है। इस शिविर से लोगों को कानूनी जानकारी सहित योजनाओं की भी जानकारी दी जाती है। पुलिस प्रशासन हरसंभव जिले की जनता के लिए तत्पर है।

**लोक अदालत के माध्यम से 14270 वादों का हुआ निपटारा-** जिलेभर में आयोजित लोक अदालत के माध्यम से 18613 वादों में 14270 मामलों का निष्पादन करते हुए 44 करोड़ दो लाख 68 हजार 9 सौ 87 रू का सेटलमेंट हुआ। जिनमें बैंक रिकवरी,अपराधिक मामलों में समझौता योग्य अपराध के मामलें, बिजली बिल, लेबर डिस्प्यूट, जमीन मुआवजा, वैवाहिक विवाद, एनआई अधिनियम के मामले, राजस्व संबंधी मामले, वेतन और भत्ता संबंधित सेवा मामले, वाटर बिल और अन्य मामलें शामिल है। शिविर के माध्यम से कई विभागों के द्वारा परिसंपतियों का वितरण और स्वीकृती प्रदान की गयी। सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा दो लाभुकों को राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन से जोड़ा गया, जेएसएलपीएस के द्वारा दो लाभुकों को तीस-तीस रू का चक्रीय निधि, दो लाभुकों के बीच 75-75 हजार रुपए का सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) दो लाभुकों के बीच एक-एक लाख रु का बैंक क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल), फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत दो लाभुकों को 25-25 हजार रु ऋण की स्वीकृति, उत्पादक समूह को अनुदान निधि के द्वारा दो लाभुकों को डेढ़ डेढ़ लाख रु ऋण की स्वीकृति प्रदान की गयी।

वहीं डीआरडीए के द्वारा दो लाभुकों को पीएम आवास योजना (ग्रा) के तहत प्रति लाभुक 1 लाख 30 हजार की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा दो दिव्यांगों को ट्राई साइकिल एवं व्हीलचेयर का वितरण किया गया।

इस प्रकार कुल 16 लाभुकों के बीच 10 लाख 86 हजार रु की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

## प्रशिक्षु आइएएस पहुंचीं मॉडल स्कूल डाढा, विद्यार्थियों से हुई रूबरू



### पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न पूछे, बच्चों को दिये महत्वपूर्ण टिप्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार शनिवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव डाढा में स्थित मॉडल स्कूल का दौरा किया। वहां के विद्यार्थियों से रूबरू हुई और विद्यालय में दी जा रही शिक्षा की जानकारी ली। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित प्रश्न पूछे साथ ही सुदूरवर्ती पंचायत में बने मॉडल विद्यालय में आवागमन अथवा अन्य समस्याओं को जाना। बच्चों को सफलता के कई टिप्स दिये। सिविल सर्विसेज से जुड़ी तैयारियां और शिक्षा को लेकर भी विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। इस दौरान उत्सुक विद्यार्थियों ने भी प्रशिक्षु आईएएस से सफलता के राज पूछे। इससे पहले विद्यालय पहुंचे डाढा पंचायत की मुखिया सुनिता देवी ने पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया और विद्यालय और गांव की समस्याओं से रूबरू कराया। इसके बाद उन्होंने बहुचर्चित मिडिल स्कूल डाढा का भी जायजा लिया और विद्यालय परिसर की सुंदरता से अभिभूत विद्यालय प्रबंधन की जमकर प्रशंसा की। कैंपस के अलावे शौचालय और कमरा एवं पठन-पाठन विधि व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

दौरे में डाढा पंचायत मुखिया सुनीता देवी, मॉडल विद्यालय के अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि दयानंद मेहता, मॉडल विद्यालय के प्रधानाचार्य शाहनवाज आलम, शिक्षक संजय कुमार दास, पवन चौधरी, श्वेता आनंद, रेखा अग्रवाल, वही मिडिल स्कूल के प्रधानाचार्य चितरंजन दास, सहायक शिक्षक सेवा दास, संजय मिश्रा, उर्मिला देवी, मनोज कुमार, सत्य नारायण दास उपस्थित थे।

## नेशनल पब्लिक स्कूल का परचम






आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के नेशनल पब्लिक स्कूल कटिया (स्टेशन रोड परसाबाद) का सत्र 2022-23 के कक्षा 10वीं का परीक्षा फल परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से कूल 281 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें से 116 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिसमें 11 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाए। शाहनवाज आलम 95.5 प्रतिशत नंबर लाकर विद्यालय टॉपर बना। प्रिया यादव 95.2, भूमिका कुमारी 94.8, ओम प्रकाश यादव 94.2, सौरभ राज 94, नीरज कुमार 93.8 प्रतिशत, जिया कुमार 91.6 प्रतिशत, ओम सिन्हा 90.6 बादल कुमार 90 तथा ईशा कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। 22 विद्यार्थी 80 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक प्राप्त किए। विद्यालय के निदेशक मुस्ताक खान ने कहा कि यह परीक्षाफल शिक्षकों व विद्यार्थियों के मेहनत का प्रतिफल है। विद्यालय से 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या170 है, जबकि अन्य 60 प्रतिशत या उससे अधिक लाने वाले विद्यार्थी हैं। बधाई देने वालों में भारत सरकार की शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला देवी, प्रमुख अंजु देवी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, विद्यालय के वरीय शिक्षक ऋतुराज सिंह, महेंद्र यादव शामिल हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 6258 वादों का निष्पादन, 16 करोड़ से अधिक की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा विरेन्द्र कुमार तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौंके पर प्रधान जिला जज विरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से जहाँ एक ओर लोगों के समय एवं पैंसो की बचत होती है, वहीं लोगों को त्वरित न्याय भी मिल पाता है। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सैयद सलीम फातमी ने कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि लोक अदालत आज के समय में किसी परिचय का मोहताज नहीं है। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल दस बेंचो के माध्यम से कुल 6258 वादो का निष्पादन किया गया जिसमे लंबित वादों की संख्या 449 तथा प्री-लिटिगेशन के 5635 मामले शामिल है।

लोक अदालत में विभिन्न विभागों से कुल 16 करोड़ एक लाख एक्यान्बे हजार आठ सौ इक्कीस रुपये राजस्व की वसूली की गई। मौके पर प्रफहण न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सैयद सलीम फातमी, डीडीसी ऋतुराज, जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह, जिला जज तृतीय तरुण कुमार, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, सचिव मनीष सिंह, प्राधिकार सचिव अभिषेक प्रसाद,मुंसिफ दानिश नवाज, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जूही कुमारी, प्रशांत कुमार वर्मा, एल. डी. एम. अजय राणा, स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक वन विभाग, उत्पाद विभाग, विधुत विभाग के पदाधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी, न्यायालयकर्मी सहित भारी संख्या में अधिवक्ता न्यायालयकर्मी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व पक्षकार गण मौजूद थे।

## बलजीत कौर बनी कैंपियन बेसिक एकेडमी की टॉपर




**इचाक (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में कैंपियन बेसिक अकैडमी इचाक के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रौशन किया है। बलजीत कौर 96 प्रतिशत अंक के साथ पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कि है। गौरतलब है कि परीक्षा के कुछ दिन पहले ही इनके पिता पप्पू सरदार की असामयिक मृत्यु होने के बावजूद ये अपनी पढ़ाई पूरी लगन और मेहनत से की। बेहद साधारण परिवार से आने वाली बलजीत कौर अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों और शिक्षकों को दी है। विद्यालय में प्रथम 20 स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में बलजीत कौर 96 प्रतिशत, सुमित कुमार 95 प्रतिशत, आकृति रानी 93 प्रतिशत, आरुषि रानी 92 प्रतिशत, पवन कुमार अग्रवाल 90 प्रतिशत, श्रेया चंद्रा 89 .4 प्रतिशत, अंशु कुमारी 88 .6 प्रतिशत, लक्ष्मी रानी 88 प्रतिशत, दिनेश कुमार वर्मा 87 .4 प्रतिशत, निखिल राज 87 प्रतिशत, अन्नू श्री 85 .6 प्रतिशत, बिट्टू कुमार 84 .6 प्रतिशत, नंदनी राणा 82 प्रतिशत, सलामत अंसारी 81 .6 प्रतिशत, अविनाश कुमार 81 प्रतिशत, आकाश कुमार 80 .2 प्रतिशत, सुजल गुप्ता 80 प्रतिशत, धीरज कुमार राणा 80 प्रतिशत, सना सिंह 80 प्रतिशत, सौम्या पाठक 80 प्रतिशत, के साथ सफल रहे। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद, प्रबंधक गणेश शंकर मदन तथा प्रचार्या सुरभि वर्मा ने छात्रों के शानदार सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं।

## भारत जोड़ो यात्रा का फलाफल है चुनाव परिणाम: अंबा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद में कर्नाटक मे कांग्रेस पार्टी के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जतायी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत की बात करनेवाली पार्टी खुद दक्षिण भारत में बीजेपी मुक्त हो गयी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो अपार जनसमूह पार्टी के पक्ष में उमड़ा था और जो माहौल कर्नाटक में देखने को मिला था, आज उसी का फलाफल कर्नाटक चुनाव में देखने को मिला। बीजेपी की सांप्रदायिक, भ्रष्टाचारी, जुमलेबाजी राजनीति का अंतकाल शुरू हो गया है और 2024 में बीजेपी सरकार का पतन तय है। कर्नाटक का जनादेश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ है। अब दक्षिण भारत भाजपा मुक्त हो गया है। अंबा प्रसाद ने कहा कि यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर लोगों ने भरोसा जताया।

## लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरित

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना- 2023-24 के तहत लाभुकों को मिला लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2022-23 के तहत बड़कागांव के दर्जनों लाभुकों के बीच शनिवार को 10 यूनिट बकरी, 15 यूनिट बत्तख एवं पांच यूनिट का कुक्कुट का वितरण 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम के हाथों किया गया। पशुधन वितरण 75% और 90% अनुदान दर पर किया गया। 75% अनुदान में बकरी जरजरा में 4 यूनिट, चंदौल में 2 यूनिट, खरांटी में दो यूनिट और चौपदार बलिया में 1 यूनिट एवं बत्तख राउतपारा 9 यूनिट, खरांटी में 1 यूनिट, चोपदार बलिया में एक यूनिट तथा मुर्गी का कुक्कुट नया हटाने दो यूनिट तथा 90% अनुदान पर काण्डतरी, आगों में तीन यूनिट का वितरण किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, पंचायत समिति सदस्य किशोर बेदिया , देवेंन कुमार बेदिया, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अलीरजा अमृत रजक, संजय कुमार, महेंद्र कुमार, आपूर्तिकर्ता कुसुम रंजन, जिला पशुपालन पदाधिकारी महेश कुमार, संजय कुमार, पशुपालन पदाधिकारी डॉ लैशराम गोसाई सिंह, लाभ आनंद मरांडी, शबना मांझी, सुरेश महतो, रेनू देवी, अनिता देवी, किरण देवी, आशा देवी सहित सैकड़ों मौजूद थे।

## जे एम एम पब्लिक स्कूल की राखी बनी प्रखंड टॉपर




**पदमा (आजाद सिपाही)।** बीते शुक्रवार को सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परीक्षाफल में पदमा प्रखंड के करमटांड स्तिथ जे एम एम पब्लिक स्कूल की छात्रा राखी कुमारी ने 91 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया साथ ही पूरे प्रखंड में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया। राखी के अंग्रेजी में 85, हिंदी में 93, गणित में 91, विज्ञान में 89 और सामाजिक विज्ञान में 95 अंक आये हैं। उसकी सफलता से परिवार में हर्ष का माहौल है और विद्यालय के निदेशक राजन कुमार और प्रिंसिपल मनीष रंजन ने विद्यालय के शिक्षकों के बीच राखी को बुलाकर उसे मेडल देकर सम्मानित किया तथा उसके भविष्य के लिए शुभकामनाए दी। इस दौरान दशवी में उत्तीर्ण हुए विद्यालय के अन्य विद्यार्थी भी वहां उपस्थित थे। विद्यालय के निदेशक राजन कुमार ने राखी की सफलता के लिए उसे आशीर्वाद स्वरूप 5001 रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की।

## माउंट लिटेरा जी स्कूल की टॉपर बनीं आस्था और सोनम

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिलवार के माउंट लिटेरा जी स्कूल सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 2022-23 के 40 प्रतिशत छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर परचम लहराया। आस्था ऐश्वर्या 95 .20 प्रतिशत, सोनम कुमारी 95 .20 प्रतिशत, पीयूष सिंह 93 .40 प्रतिशत, शशि शेखर शशि 90 प्रतिशत, आदर्श नयन 89 .40 प्रतिशत, नजीड लबाल 89,20 प्रतिशत, उजमा अफरोज 89 प्रतिशत, शिवम कुमार 87 .20 प्रतिशत, अयाज रजा 86 .60 प्रतिशत, फराज आलम 86 .20 प्रतिशत, अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वही तकरीबन सारे बच्चें 65 प्रतिशत से अधिक नंबर लाकर उत्तीर्ण हुए विद्यालय निर्देशक शशि संकर प्रसाद ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों की बधाई दी।

## कांग्रेसियों ने बांची हनुमान चालीसा, फोड़े पटाखे, बांटी मिठाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में कांग्रेसियों ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत के लिए कर्नाटक की जनता और मोदी को वास्तविकता का सही आकलन कर मतदान करने वाले कर्नाटक की आमजनों की प्रशंसा की और भाजपा की केंद्र सरकार के तानाशाही पूर्ण गलत नीतियों के कारण कमरतोड़ मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के जरिए अडानी, अंबानी को लाभ पहुंचाने, अग्नवीर योजना लाकर, पुलवामा कांड की जांच नही करवाने देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर नौवजवानों को गुमराह करने, मध्यवर्ग के व्यापारियों को जीएसटी लगाकर बर्बाद करने, धर्म सम्प्रदाय के आधार पर नफरत फैला कर देश को तोड़ने जैसा घृणित प्रयास करने तीन काले कृषि कानून जबरन थोपने के प्रयास में कई सौ किसानों की बली चढ़ाने की बात करते हुए प्रधानमंत्री से नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र देने की मांग की । कर्नाटक चुनाव मे भाजपा के द्वारा हनुमान जी के नाम का दुरूपयोग किया गया इसी कारण हनुमान जी का आशिर्वाद कांग्रेस को मिला। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, शशिकांत ओझा, संजय गुप्ता, अजीम खान, सुनिल अग्रवाल उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, साजीद हुसैन, राजेन्द्र सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, रजी अहमद, मनोज नारायण भगत, प्रकाश यादव, बेबी देवी, बिनोद सिंह, दिलीप कुमार रवि, गोविंद राम, राजू चौरसिया, लखराज सिंह, सुनिल सिंह राठौर, गुड्डू सिंह, मिथिलेश दुबे, ओमप्रकाश झा, जावेद मल्लिक, चन्द्र शेखर मिश्रा, डॉ. मिथिलेश कुमार, विजय कुमार सिंह, सीडी सिंह, मनीषा टोप्पो, असगरी अंजूम, मुक्ति लता, मुकेश वर्मा, बिन्दू कच्छप, रूप कुमारी टोप्पनो, प्रदीप कुमार सिंह, गुलाम सरवर के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## उमेश मेहता ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरवां गांव के फुलवा टोला में लगा ट्रांसफर 22 दिन पहले जल गया था। तब से गांव के दर्जनों घर अंधेरे में था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी जिला परिषद चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता को गुरुवार को दी। चेयरमैन मेहता ने विद्युत विभाग के जीएम से बात कर 24 घंटे के अंदर 100 केबिए ट्रांसफार्मर दिलाने का काम किया। शनिवार को ग्रामीणों के अनुरोध पर चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता बरवां गांव के फुलवा टोला पहुंचे और फीता काट कर और नारियल फोड़ कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। मौके पर भागीरथ साहू, प्रो ब्रज किशोर मेहता, पूर्व पंसस अजय कुमार मेहता, अशोक सिंह, दिनकर मेहता, पंचायत समिति सदस्य प्रियंका देवी, उपेंद्र मेहता, बबूनी महतो, अखिलेश्वर मेहता, गुर्जर महतो, प्रभु महतो, गोबिंद मेहता, बिट्टू साव, रेगन महतो, सुबोध कुमार, मुकेश कुमार, तोखन महतो, वार्ड सदस्य देवंती देवी समेत कई महिला पुरुष मौजूद थे।

# पाक में अस्थिरता

इस्लामाबाद हाई कोर्ट से दो हफ्ते की जमानत और 17 मई तक गिरफ्तारी से सुरक्षा पाकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भले ही थोड़े समय के लिए राहत की सांस ली हो, लेकिन इस पूरे प्रकरण ने पाकिस्तान में जिस तरह के हालात पैदा कर दिये हैं, उनसे उसका तुरंत निकलना मुश्किल दिख रहा है। बेशक, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल दखल देकर हालात को संभालने की एक कोशिश की। गुरुवार को उसने हाइकोर्ट परिसर से हुई इमरान खान की गिरफ्तारी को अवैध घोषित कर दिया। अगले दिन उन्हें इस्लामाबाद हाइकोर्ट से बेल मिल गयी, लेकिन इस दौरान आ रही खबरें बताती रहीं कि हालात किस कदर विस्फोटक बने हुए हैं। सरकार में शामिल पीएमएल (एन) की सीनियर वाइस प्रेजिडेंट और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम शरीफ ने न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत और खतरनाक बताया, बल्कि फैसला देने वाले चीफ जस्टिस पर सीधा कॉमेंट करते हुए कहा कि बेहतर होगा वह अपने पद से इस्तीफा देकर इमरान खान की पार्टी में शामिल हो जायें। इससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार इमरान को किसी भी तरह की रियायत देने के मूड में नहीं है। वहां की सेना भी यही चाहती है। मगर देश के आम लोगों के बीच इमरान खान की लोकप्रियता बनी हुई है। इसी वजह से उनकी गिरफ्तारी के बाद देश के कई इलाकों में प्रदर्शन हुए, जो बेकाबू भी हो गये। ऐसे माहौल में जो संभावनाएं उभरती हैं, वे डराने वाली हैं। चूंकि तीनों में से कोई भी पक्ष झुकने के लिए तैयार नहीं है, इसलिए टकराव बढ़ने की आशंका है। न्यायपालिका के दोफाड़ होने की बात पहले से कही जा रही है। मौजूदा चीफ जस्टिस पर मरियम शरीफ की टिप्पणी ने एक तरह से उसकी पुष्टि कर दी। अगर सेना भी इमरान खान के पक्ष और विरोध वाले दो गुटों में बंट गयी तो क्या होगा? यह कोई दूर की कौड़ी नहीं है। पाकिस्तान की सेना में पंजाब प्रांत के लोग अच्छी संख्या में हैं। इमरान की गिरफ्तारी के बाद पंजाब प्रांत में जिस तरह से लोग सेना मुख्यालय में घुस गये, वह कोई छोटी बात नहीं है। ऐसी घटनाएं पाकिस्तान में पहले नहीं देखी गयीं। इससे जहां पाकिस्तान के लोगों के मन में सेना की इज्जत कम होने के संकेत मिलते हैं, वहीं यह सवाल भी उठता है कि क्या सेना के भी एक हिस्से की मिलीभगत के बगैर ऐसी घटनाएं हो सकती थीं। कुछ सैन्य अधिकारियों के खिलाफ की गयी कार्रवाई इस संदेह को बल प्रदान करती है। ऐसे में बड़ा डर यह है कि कहीं पाकिस्तान में गृहयुद्ध के हालात न बन जायें। कहने की जरूरत नहीं कि इस परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी देश का ऐसी किसी स्थिति में फंसना भारत के लिए भी गंभीर चिंता की बात होगी।

**पाकिस्तान की सेना में पंजाब प्रांत के लोग अच्छी संख्या में हैं। इमरान की गिरफ्तारी के बाद पंजाब प्रांत में जिस तरह से लोग सेना मुख्यालय में घुस गये, वह कोई छोटी बात नहीं है। ऐसी घटनाएं पाकिस्तान में पहले नहीं देखी गयीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में नशे की लत युवाओं के बीच में इतनी बढ़ चुकी है, जिसका अंदाजा आये दिन समाचार पत्रों में पढ़ने को मिलता है कि युवाओं से नशीले पदार्थ पकड़े गये और कुछ नशे की लत के लिए पैसे न मिलने पर मां-बाप के ऊपर हमला कर दे रहे हैं। जिसके कारण मां-बाप मृत्यु की आगोश में समा रहे हैं और वह नशे से चूर होते जा रहे हैं।**

# आखिर क्यों नशे की आदी हो रही युवा पीढ़ी

प्रो मनोज डोगरा

संसार में जब बच्चे का जन्म होता है तो माता-पिता खुशी से फूले नहीं समाते हैं और उनके अरमान इतने ज्यादा बढ़ जाते हैं कि हम अपने बेटे या बेटी को बड़ा होकर एक अच्छी पदवी पर देखना चाहते हैं, लेकिन आज की युवा पीढ़ी मां-बाप को धोखा देकर उनके अरमानों को चकनाचूर करते हुए नशे को अपना साथी मान रही है। जो उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो ही रहा है। साथ में भविष्य भी अंधकार बनता जा रहा है।

बचपन में मां-बाप अपने बच्चों को उंगली पकड़ कर चलना सिखाते हैं, कंधों पर बिठाते हैं, कई तरह की लोरियां सुनाते हैं, लेकिन आज वही भविष्य माता-पिता के सपनों को चकनाचूर कर रहा है।

भारत में नशे की लत युवाओं के बीच में इतनी बढ़ चुकी है, जिसका अंदाजा आये दिन समाचार पत्रों में पढ़ने को मिलता है कि युवाओं से नशीले पदार्थ पकड़े गये और कुछ नशे की लत के लिए पैसे न मिलने पर मां-बाप के ऊपर हमला कर दे रहे हैं। जिसके कारण मां-बाप मृत्यु की आगोश में समा रहे हैं और वह नशे से चूर होते जा रहे हैं।

**भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल 13 प्रतिशत से अधिक लोग 20 वर्ष से कम उम्र के हैं।**

यह नशा समाज के प्रत्येक वर्ग को खोखला कर रहा है, लेकिन अकेली सरकारें कुछ नहीं कर सकती हैं, जब तक जन-सहयोग समाज में नहीं मिलता है, तब तक समाज नशा मुक्त नहीं हो सकता है। नशे के सौदागरों को समाज और पुलिस मिल कर समाप्त कर सकती है। जब तक समाज के बुद्धिजीवी लोग पुलिस और प्रशासन का सहयोग नहीं देंगे, तब तक यह नशा बढ़ता ही रहेगा। आज देखने और सुनने को मिलता है कि स्कूल और कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। यही नहीं कहीं-कहीं बड़े संस्थानों में तो लड़कियां भी इसकी चपेट से अछूती नहीं हैं, जो समाज के लिए बहुत बड़ा कलंक है।

स्कूल और कॉलेजों के बाहर मादक पदार्थों को बेचने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन फिर भी देखने को मिलता है कि इसके सौदागर चोरी छुपे स्कूल या कॉलेजों के बच्चों को इस्तेमाल करके इस नशे की खेप को संस्थान और होस्टल तक पहुंचा रहे हैं, जो एक गंभीर समस्या उभर रही है। नशे की लत एक ऐसी गंभीर और विनाशकारी समस्या है, जिसने हमारे देश की युवा पीढ़ी को कठोर रूप से फंसा लिया है, आज अगर हम आंकड़े देखते हैं तो 17-20 की शुरुआत में अधिकांश किशोरों को अनैतिक पदार्थ के दुरुपयोग या नशे की लत के लिए गंभीरता से आदी पाया गया है।

यहां तक कि गैर-कानूनी और गरीब बच्चे भी नशीली दवाओं के दुरुपयोग व्यसन में शामिल हुए हैं। इसे भारतीय सरकार के सामने एक खतरनाक मुद्दे के रूप में सामने रखा गया है, क्योंकि युवा पीढ़ी देश के भविष्य के लिए संभावित शक्ति है और यदि उनके वर्तमान जीवन इस तरह के व्यसनों के तहत डूब गये हैं तो देश का भविष्य निश्चित रूप से अंधेरे में बदल जायेगा।

यह वास्तव में भारतीय समाज के लिए भी एक गंभीर मामला है और इस मामले को समाज के लोगों के सामूहिक प्रयासों के साथ हल किया जाना चाहिए। समाज का वर्तमान परिदृश्य पहले के मुकाबले पूरी तरह से बदल गया है। अब शहरी क्षेत्रों में परिवार एकल हो रहे हैं। माता-पिता दोनों कामकाजी हैं इसलिए वे अपने बच्चों को गुणात्मक समय नहीं दे पा रहे हैं।

नैतिक मूल्यों में महत्व और विश्वास परिवारों में भी कम हो गया है, बड़ों की उपेक्षा हो रही है, बच्चे ज्यादातर समय अपने घरों से बाहर किसी को सांझा करने और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए देखते हैं और यह भी कभी-कभी उन्हें गलत साथियों के समूह में शामिल करने के लिए प्रेरित करता है। परिवार के सदस्यों के बीच संचार, बातचीत, समझ धीरे-धीरे कम हो रही है और आधुनिक शिक्षा प्रणाली ने भी छात्रों पर बहुत दबाव डाला है, गरीब परिवारों में अत्यधिक गरीबी के कारण माता-पिता और बच्चे सभी आजीविका कमाने में लगे हुए हैं। शिक्षा प्राप्त करने के लिए पैसा और समय नहीं है और इस प्रकार अशिक्षा अनैतिक कार्यों और दोस्तों की बुरी संगत में शामिल होती है।

प्रारंभिक अवस्था में किसी को यह एहसास नहीं हो सकता है कि नशीली दवाओं का उपयोग कब एक लत में बदल सकता है और जिस क्षण यह एक लत बन जाती है। बहुत देर हो चुकी होती है, इसलिए माता-पिता, बड़ों और दोस्तों को हमेशा सावधान और सतर्क रहना चाहिए। शायद सबसे गंभीर चिंता 14-15 वर्ष की आयु के युवाओं की भागीदारी है। रिपोर्ट स्थापित करती है कि शराब सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला साइकोएक्टिव पदार्थ है। इसके बाद भांग और ओपिओइड है।


भांग के सर्वाधिक प्रचलन वाले राज्य उत्तर प्रदेश, पंजाब, सिक्किम, छत्तीसगढ़ हैं। 10 अन्य चिकित्सा संस्थानों और 15 एनजीओ के नेटवर्क के सहयोग से देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया गया था। भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल 13 प्रतिशत से अधिक लोग 20 वर्ष से कम उम्र के हैं, जो किशोरों को लक्षित करने वाले सामुदायिक हस्तक्षेप और निवारक तंत्र को आगे बढ़ाने की आवश्यकता का सुझाव देते हैं।



**नैतिक मूल्यों में महत्व और विश्वास परिवारों में भी कम हो गया है, बड़ों की उपेक्षा हो रही है, बच्चे ज्यादातर समय अपने घरों से बाहर किसी को सांझा करने और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए देखते हैं और यह भी कभी-कभी उन्हें गलत साथियों के समूह में शामिल करने के लिए प्रेरित करता है।**

## जमशेदपुर की खबरें

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 6215 मामलों का निष्पादन




आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय चाईबासा में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आज 6215 मामलों का निष्पादन करते हुए 7 करोड़ 30 लाख 3 हजार 941 रुपए का समायोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकार के अध्यक्ष विश्वनाथ शुक्ला द्वारा 11 बेंच का गठन किया गया था। लोक अदालत के दौरान कुछ निष्पादित मामलों के पीड़ित पक्ष के बीच प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया।

# फायरिंग के मामले की जांच में पहुंचे एसपी आनंद प्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा स्थित स्वेता स्टोर में रंगदारी की मांग को लेकर हुई फायरिंग के मामले में एसपी आनंद प्रकाश ने जांच की। शनिवार को जांच के दौरान एसपी आनंद प्रकाश ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिया। उन्होंने कहा अपराधियों के खिलाफ छापेमारी जारी है। जल्द घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा किसी भी कीमत पर ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्वेता स्टोर के मालिक प्रवीण अग्रवाल से भी जानकारी ली। उन्होंने कहा फिलहाल पुलिस छापेमारी कर रही है जल्द घटना से संबंधित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# कर्नाटक में जीत पर लौहनगरी में जश्न

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ और लड्डू बांट कर मनायी खुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी की जीत होने पर देश भर में कांग्रेस कार्यकताओं में जश्न का माहौल है। शनिवार को जमशेदपुर में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर कदमा कांग्रेस कार्यालय, कदमा बाजार, धतकीडीह, बिस्टुपुर, मानगो खुदीराम बोस चौक में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस अवसर पटाखे फोड़ कर व लड्डू बांटकर खुशियां मनायी गयी। मौके पर नेताओं ने कहा अब देश की जनता समझ गया है। मन की बात करने वाले नहीं, बल्कि देश की बात सुनने वाले लोग को वोट देना है। चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद अब देश में भी माहौल कांग्रेस के पक्ष में जायेगा। जीत का पूरा श्रेय पार्टी नेतृत्व, हमारे नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और मालिक्कार्जुन खड़गे को जाता है।



इस अवसर पर भोला गोस्वामी, मनोज झा, प्रभात ठाकुर, बबुआ झा कैलाश रजक, संजय तिवारी, माजिद अख्तर, जितेन, स्वरूप सिंह,प्रवीण साहू, मानस गिरी, दिनेश पोद्दार, विकी लाल, तुलादा, राम दरस राय,राजू दास, राकेश जसवाल, राजकुमार दास, सोंटी रजक, सावन मुखी, बिशु, संजीव झा, जय कुमार, कृष्णा शर्मा, राजेश रजक, वीरेंद्र पांडे, एन श्रीवास्तव, इरसाद हैदर, आगेस्टिंग विल्सन, रवि दुबे, बापी साहू, अशोक सिंह, राजेश गोराई, शिवा, ईश्वर सिंह, जीतू सिंह, जयंत कुमार, अखिलेश सिंह, संजय शर्मा, अरविंद रजक, जितेंद्र गुप्ता, राजेश दस, मदन साहू, आशीष, विनोद साहू, अख्तर, दिनेश लोहार, बलजीत सिंह, बबन शुक्ला, बंटीं शर्मा, सुकू चौहान, भरत गढेवाल, संतोष जैन, राजेश नाग, बिनोद रजक, संजय कुमार सिंह, भुनेश्वर प्रसाद, अरूप चक्रवर्ती, फाल्गुनी बनर्जी, अशोक सिंह, रवि साहु,संदीप शर्मा, केदारनाथ शर्मा, सुनीत ठाकुर, हरी दास, उषा यादव, शिल्पी चक्रवर्ती, बेबी मूंडा, सुलोचना, प्रेमी अंथोनी, अशोक अंथोनी, सविता रजक, गौरी रजक, कैलाश ठाकुर सहित अन्य शामिल रहे।

# आदित्यपुर पुलिस ने चोरी मामले का किया खुलासा एक गिरफ्तार, लाखों के आभूषण और कैश बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार ने चोरी के मामले का 5 घंटे में खुलासा कर दिया। शनिवार को पुलिस ने मुस्लिम बस्ती निवासी शातिर चोर शेख रहमत अली को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया अहले सुबह कल्पनापुरी निवासी गोविंद दर्जी ने अपने घर में चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। सूचना मिलते ही तत्काल एक टीम गठित कर तकनीकी अनुसंधान करते हुए 6 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा कर दिया गया। उन्होंने बताया पुलिस गिरफ्त में आया युवक शातिर अपराधी है। पूर्व में भी जेल जा चुका है। आरोपी के पास से



चोरी किये गए सभी सामान बरामद कर लिया गया। वहीं सामान मिलते ही पीड़ित परिवार के चेहरे में खुशी खिल उठी। उन्होंने आदित्यपुर पुलिस के कार्यों की जमकर सराहना की। वही थाना प्रभारी राजन कुमार ने लोगों से घरों की सुरक्षा का ख्याल रखने की अपील की। उन्होंने कहा आदित्यपुर पुलिस 24 घंटे जनता के सेवा में उपस्थित है।

# साकची गोलचक्कर पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत मिलने की खुसी में उत्साहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने साकची गोलचक्कर के पास ढोल नगाड़ा के साथ जश्न मनाया। वहीं लोगों के बीच लड्डू का वितरण किया। मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने बताया कर्नाटक की जनता ने यह दिखा दिया धर्म के नाम पर झुठे वादों के सहारे ज्यादा दिन तक राजनीति नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा भाजपा कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार को गिरा कर अपनी सरकार बनाई थी। कर्नाटक में भ्रष्टाचार को बढ़ाया। वहां की जनता अब कांग्रेस के पक्ष में अपना समर्थन दिया। लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना मुश्किल है। जनता जाग उठी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने देश की समस्याओं पर बात ही नहीं की। उन्होंने धर्म की चर्चा खूब की। श्री दुबे ने कहा आज देश में बेरोजगारी एक विकट समस्या है। लेकिन प्रधानमंत्री ने पूरे चुनाव प्रचार के दौरान बेरोजगारी एवं महंगाई जैसे मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं की। कर्नाटक चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को तार-तार कर दिया। वैसे कर्नाटक की जीत से कार्यकर्ता उत्साहित हैं। उन्होंने कहा शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के पंचायत स्तर से लेकर शहरी क्षेत्र में ढोल नगाड़ा के साथ जश्न मनाया जा रहा है।

# ई-विद्या वाहिनी एप में आ रही है तकनीकी समस्या

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति पर निगरानी रखने के लिए बनाये गये ई-विद्या वाहिनी एप के अपग्रेडेशन का कार्य पिछले लगभग 1 महीने से जारी है। इसके कारण ई- विद्या वाहिनी ऐप को अपडेट करने के उपरांत शिक्षकों को बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने में पिछले एक महीने से काफी दिक्कतें आ रही हैं और शिक्षक उक्त ऐप में बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं दर्ज करा पा रहे हैं। विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा अब शिक्षकों को ही भुगतना पड़ेगा और सारा ठीकरा उनके माथे पर फोड़ा जायेगा। गम्हरिया प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा शनिवार को आदेश जारी कर दिया गया कि बिना बायोमैट्रिक अटेंडेंस के शिक्षकों को वेतन नहीं प्रदान किया जायेगा। उनके इस आदेश के बाद शिक्षकों के माथे पर शिकन स्पष्ट दिखायी पड़ रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि जब विभाग को ई-विद्या वाहिनी एप से अटेंडेंस बनाने में हो रही परेशानी पहले से पता है तो ऐसे में इस तरह का आदेश शिक्षकों का मनोबल तोड़ने वाला है। इस भीषण गर्मी में भी शिक्षक प्रतिदिन नियमित रूप से उपस्थित होकर अपना कार्य संपादित कर रहे हैं, लेकिन ई-विद्या वाहिनी ऐप के अपग्रेडेशन का खामियाजा अब इन्हें भुगतना होगा और इनके वेतन के लाले पड़ जायेंगे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में आरके पब्लिक स्कूल, ऊंचरी मझिआंव का रिजल्ट शत प्रतिशत



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में आरके पब्लिक स्कूल ऊंचरी मझिआंव का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष स्कूल से 66 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए और सभी ने सफल होकर स्कूल व माता-पिता को गौरवान्वित किया। स्कूल के रोहित कुमार मेहता 94% अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। वहीं रुपेश कुमार गुप्ता 88%, कुमारी प्रतिभा सिंह 87%, रवि कुमार 84% व शिल्पी ने 81%अंक लाकर टॉप पांच में अपना स्थान प्राप्त किया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय स्कूल के रिजल्ट पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में आरके पब्लिक स्कूल, अधौरा श्री बंशीधर नगर का शानदार प्रदर्शन



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (दसवीं कक्षा) 2023 में आरके पब्लिक स्कूल अधौरा श्री बंशीधर नगर के प्रथम बैच के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत ही सराहनीय है। सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित किया है। निखिल राज गुप्ता ने सर्वाधिक 84 प्रतिशत, तनिष्क जायसवाल ने 82 प्रतिशत, स्वीटी कुमारी ने 81 प्रतिशत, अंजली कुमारी ने 73 प्रतिशत एवं निखिल राज ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है। उधर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय एवं प्राचार्य लक्ष्मीकांत ओझा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और लगन के लिये बधाई दी है। प्रिंसिपल लक्ष्मी कांत ओझा ने बताया कि सभी सफल छात्र-छात्राएं आरके पब्लिक स्कूल अधौरा के प्रथम बैच के विद्यार्थी हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय का पहला लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अच्छे वातावरण में अनुशासन के साथ दिया जाना है। जिसमें विद्यालय शत प्रतिशत सफल रहा है। समय-समय पर विद्यालय में खेल संगीत एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। आरके पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं में सर्वांगीण विकास को गढ़ने के लिए पूरा विद्यालय परिवार पूरी तन्मयता के साथ लगा रहता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को उनकी अपार मेहनत और मार्गदर्शन के लिये भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने छात्रों और शिक्षकों पर बहुत गर्व है और यह सुनिश्चित किया कि आने वाले वर्षों में परिणाम बेहतर होते रहेंगे।

### जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के सदस्य की माता के निधन पर शोक सभा आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा द्वारा ग्रुप के सदस्य विजय केसरी (विजय जनरल) की माता के निधन पर ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि विजय जी की माता बहुत ही कुशल गृहिणी थीं एवं पूरे परिवार को अनुशासनात्मक ढंग से एक करके रखी हुई थीं। आज के लिए यह बहुत ही बड़ी बात है। मीटिंग में उपस्थित सदस्यों ने उनके माता जी के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की एवं दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि ईश्वर मृतक की आत्मा को स्वर्ग में शांति देना एवं उनके परिजनों को इस भीषण त्रासदी को सहने की शक्ति प्रदान करना। शोक सभा के पश्चात सदस्यों ने पीड़ित परिवार से मिल कर उनका ढांढस बढ़ाया। शोक सभा में जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन 8 के उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, फेडरेशन 8 के पूर्व पदाधिकारी मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी, यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी रूपा गंजी, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के प्रशाशनिक निदेशक चंद्र भूषण सिन्हा, वित्त निदेशक अशोक केशरी, मनोज केशरी सन रेडियो, मीडिया प्रभारी मोजिबुद्दीन खान, चन्दन चंद्रवंशी आदि सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** व्यवहार न्यायालय और अनुमंडलीय न्यायालय नगर उंटारी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# 4245 वादों का निष्पादन 1.54 करोड़ रु. की वसूली

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार समाज से जुड़ी प्रत्येक समस्या का समाधान करता है : प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के द्वारा व्यवहार न्यायालय एवं अनुमंडलीय न्यायालय नगर उंटारी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश शरण सिंह के द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रामबचन सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के इतिहास के महत्व एवं उद्देश्यों पर चर्चा की। मौके पर उपस्थित उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शेखर जमुआर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के कार्यों एवं प्रयासों की। वहीं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश शरण सिंह ने विस्तृत रूप से राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार समाज के हर ताल्लुक से जुड़े प्रत्येक समस्या का समाधान करता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए एक पीठ का गठन किया गया जिसमें रामबचन सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय संजीव कुमार सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमलेश कुमार, सहायक जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम मनोज कुमार त्रिपाठी, जिला सत्र न्यायाधीश नगर उंटारी संतोष आनंद प्रसाद, मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी अरविंद कश्यप और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नगर उंटारी संगीता, अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मीना कुमारी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी जावेद खान, न्यायिक दंडाधिकारी शरद निशीकांत कुजूर, मुंसाफ गढ़वा रवि चौधरी, मुंसाफ नगर उंटारी कृष्णा लोहारा, न्यायिक दंडाधिकारी कनिष्ठ राठौर, न्यायिक दंडाधिकारी अमित खन्ना, अभिनव कुमार, विजय कुमार दास, हर्षित तिवारी, कमलनयन पांडे, अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत ओमप्रकाश पांडे, अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम गढ़वा रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक से संबंधित 187 वाद, आपराधिक समन्वय कंपाउंडेबल के 551 वाद, एफ एफ वाद से 291 वाद, बिजली से संबंधित 16 वाद, मोटर वाहन अधिनियम के तहत 4 वाद, कुटुंब न्यायालय से 31 वाद, सिविल केस के 8 वाद, विभिन्न अनुमंडल उपभोक्ता नगर परिषद आदि से 3362 वाद एवं स्थाई लोक अदालत से 86 वाद कुल 4245 वाद का निष्पादन किया गया। इसमें कुल 1 करोड़ 54 लाख 18 हजार 849 रुपये की वसूली की गयी।

इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राम बचन सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम विमलेश कुमार सहाय, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत कमलनयन पांडे, जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार चौबे, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष आनंद प्रसाद, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुमार विपुल, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संगीता के साथ अन्य प्राधिकारी, विधान अधिवक्ता उपस्थित थे।

## धर्म के नाम पर राजनीति के अंत की हुई है शुरुआत : मंत्री मिथिलेश

**कर्नाटक का चुनाव परिणाम जनता को धर्म के नाम पर बेवकूफ बनाने वालों के लिए बहुत बड़ी सीख है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से धर्म के नाम पर राजनीति के अंत की शुरुआत हुई है। कर्नाटक का चुनाव परिणाम जनता को धर्म के नाम पर बेवकूफ बनाने वालों के लिए बहुत बड़ी सीख है। जीत का यह सिलसिला शुरू हो चुका है। अब यह रुकने वाला नहीं है। उक्त बातें गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हुई जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।

मंत्री श्री ठाकुर ने कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित समस्त कांग्रेसियों को बधाई देते हुए कहा कि कर्नाटक की जनता ने यह दिखला दिया है कि देश को जाति, धर्म एवं संप्रदाय के नाम पर बांटने वालों का कोई स्थान नहीं है। ऐसे लोगों को सत्ता से बाहर ही बैठना होगा।

मंत्री ने कहा कि अब कर्नाटक से जाति, धर्म एवं संप्रदाय के नाम पर किए जाने वाले राजनीति के अंत की शुरुआत हो गई है। लोग अपना चुनावी नैया पार कराने के लिए भगवान श्री राम एवं बजरंगबली के नाम पर राजनीति का खेल खेलते हैं। ऐसे लोगों को ना तो जनता माफ करेगी और न ही भगवान माफ करेंगे। देश में फुट डालो, शासन करो कि राजनीति करने वालों को सबक मिलना शुरू हो गया है। पूरे देश की जनता जाग चुकी है। यह सिलसिला अब 2024 तक अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 2024 में पूरे देश से जनता सामंती ताकतों को उखाड़ फेंकेगी एवं कांग्रेस के नेतृत्व में धर्मनिरपेक्ष सरकार स्थापित होगी। उस सरकार में सभी जाति, धर्म एवं संप्रदाय को पूर्ण मान-सम्मान एवं हक, अधिकार प्राप्त होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा लोगों की भावना एवं आस्था के साथ खिलवाड़ करते हुए धर्म एवं जात-पात के नाम पर राजनीति करती है। अब यह चलने वाला नहीं है। इस प्रकार के कुत्सित राजनीति का 2024 में अंत हो जाएगा। मंत्री ने कांग्रेस सहित कर्नाटक की जनता को भी इस जीत की बधाई दी है।

## डंडा प्रखंड की 100 से अधिक महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

**विपक्षियों को खोजने से भी नहीं मिलेंगे कार्यकर्ता : मंत्री मिथिलेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के डंडा प्रखंड की एक सौ से अधिक महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। शनिवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवासीय कार्यालय में झामुमो के जिला संयोजक देखा चौबे के नेतृत्व में सभी महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी में शामिल कराते हुए उनका स्वागत किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शहर से लेकर गांव तक पुरुष, महिला, बुजुर्ग, नौजवान सभी अब जाग चुके हैं। सभी लोग विकास की राजनीति एवं बेवकूफ बनाने की राजनीति में अंतर अच्छी तरह से समझ चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से सभी लोगों का रुझान झामुमो की ओर बढ़ रहा है, आने वाले समय में विपक्षियों को खोजने से भी कार्यकर्ता नहीं मिलेंगे।

मंत्री ने कहा कि आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य में चौतरफा विकास हो रहा है। समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के लिए भी काफी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका लाभ सीधे जनता को मिल रहा है। आज संपूर्ण गढ़वा में चप्पा-चप्पा पर विकास की गंगा बह रही है। अब गढ़वा पूरी तरह से बदल रहा है। यही विकास कार्य विरोधियों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। पार्टी में शामिल होने वाली महिलाओं ने कहा कि आज गढ़वा जिला में मंत्री श्री ठाकुर के नेतृत्व में जो विकास कार्य हो रहा है वह इससे पहले अकल्पनीय था। विकास कार्य क्या होता है और कैसे होता है यह पहले पता भी नहीं चल पा रहा था।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदा देवी, अराधना सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में समर कैंप आज



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में समर कैंप का आयोजन 14 मई दिन रविवार को सुबह 7:30 बजे से किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने बताया कि आरकेभीएस (बी.एड कॉलेज) के सभागार में कल रविवार को इसका शुभारंभ अभिभावकों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस कैंप में स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच इंटर हाउस इनडोर गेम व विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। आजकल बच्चे ऑनलाइन गेम व स्मार्ट फोन के आदि होकर शारीरिक व मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं। इस तरह के कैंप का आयोजन करने से बच्चों के अंदर खेल भावना का विकास करना, उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना, शारीरिक-मानसिक विकास करना है। लगातार पढ़ाई करने से तनाव व थकान की समस्या उत्पन्न होती है, ऐसे में इस तरह का आयोजन उनके तनाव व थकान को दूर कर उन्हें तरोताजा करता है और सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों का संचार होता है। इस कैंप में अभिभावकों के साथ स्कूल के निदेशक ने बताया कि समर कैंप में बच्चों की पढ़ाई व उनकी गतिविधियों के साथ-साथ स्कूल के शैक्षणिक कार्यों व उपलब्धियों की भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे इस आयोजन में उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहित करें।

## जिला टॉपर लावण्या को मंत्री ने मिठाई खिला कर दी बधाई



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा 2023 में गढ़वा जिला टॉपर लावण्या प्रकाश को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मिठाई खिलाकर एवं शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। शनिवार को गढ़वा स्थित आवास पर मंत्री ने लावण्या को सम्मानित करते हुए जिले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। मंत्री ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं। आप सब खूब पढ़ें, आगे बढ़ें तथा अपने परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें। मंत्री ने कहा कि वे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हमेशा उनके साथ खड़े हैं। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला संयोजक रेखा चौबे, चंदा देवी, आराधना सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बारहवीं कक्षा के छात्र ने मैथ में क्रॉस लगने पर की आत्महत्या

मझिआंव (आजाद सिपाही)। मझिआंव थाना क्षेत्र के आमर गांव निवासी दिवाकर पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय के छोटे पुत्र सुशांत पांडेय (17) ने शुक्रवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सुशांत पांडेय गढ़वा शहर के आरके पब्लिक स्कूल में पढ़ता था और बारहवीं कक्षा का छात्र था। बताया जाता है कि कल शुक्रवार को बारहवीं का रिजल्ट घोषित किया गया, उसमें मैथ विषय में क्रॉस लगने के बारे में उसे लगभग 3 बजे पता चला और उसने डिप्रेसन में आकर कीटनाशक दवा खा ली। तुम्बागाड़ा स्थित नवजीवन हॉस्पिटल में इलाज के क्रम में शनिवार को उसकी मौत हो गयी।


**कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा**

का0 आ0 सं0– 06/जि०प० दिनांकः–12.05.2023

विभिन्न भवनों, परिसम्पतियों का निर्माण, मरम्मति एवं नवीनीकरण मद से **खूँटी जिलान्तर्गत मुरहू प्रखण्ड में RECREATION PARK का निर्माण** किया जाना है। उक्त के आलोक में विभिन्न शर्तों के साथ मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कम्पनी/फार्म **दिनांक 22.05.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक** निम्नांकित शर्तों के अनुरूप द्विलिफाफा प्रणाली (Double Envelope System) के अनुसार मुहरबंद निविदा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 22.05.2023 के अपराह्न 04:00 बजे** उक्त योजनाओं के लिए गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की शर्तें, कार्य की विवरणी/उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी खूँटी जिला के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR 297334 District(23-24).D



**जन चौपाल :** संगमा बीडीओ पर भाजपा नेता रामचंद्र केसरी ने बोला हमला, कहा

# सगमा बीडीओ के क्रियाकलापों से पूरे प्रखंड की जनता त्रस्त है

**जनता से प्राप्त आवेदन के आधार पर बीडीओ पर कई आरोप लगाते हुए जांच की मांग की**

**कहा- कार्रवाई नहीं होने पर वे जनता के साथ उपायुक्त कार्यालय का करेंगे घेराव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** संगमा प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यम कुमार पर भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सगमा बीडीओ के क्रियाकलापों से पूरे प्रखंड की जनता त्रस्त है। जब तक लोगों को न्याय नहीं दिला पता हूं तब तक सगमा बीडीओ के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता रामचंद्र केसरी ने अपने आवास पर प्रेस से बात करते हुए कही। उन्होंने बताया कि सगमा बीडीओ के खिलाफ उनके कारनामों को उजागर करते हुए मैंने पूर्व में भी अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीडीओ के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी थी। उसी के अंतर्गत सगमा प्रखंड के बीरबल ग्राम स्थित चौपाल में शुक्रवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में सभी भाजपा नेताओं ने संबोधित कर अपने अपने विचारों को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जन चौपाल में स्पष्ट रूप से अपनी बात रखते हुए कहा कि सगमा प्रखंड के बीडीओ के क्रियाकलाप से प्रखंड की जनता परेशान है। यहां की जनता के साथ अन्याय हो रहा है। इसलिए आज यहां आया हूं। बीडीओ ग्रामीणों को मुकदमा का भय दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता के साथ जो अन्याय हुआ है, उनसे जो राशि ली गई है उसे लौटाना पड़ेगा। अन्याय की सजा भुगतनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बीडीओ की धमकी का असर है कि पंचायत के एक भी मुखिया कार्यक्रम में शामिल नहीं हुये। उन्होंने कहा कि जनता से जो राशि ली गई है, उसकी जांच कराकर राशि वापस कराएंगे। उन्होंने जनता से प्राप्त आवेदन के आधार पर बीडीओ पर कई आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर वे जनता के साथ जिले के उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेंगे।

श्री केशरी ने बताया कि जन चौपाल में भाजपा नेताओं ने भी अपनी बात रखी, जिसमें मथुरा पासवान ने कहा कि सगमा बीडीओ से प्रखंड की जनता आतंकित है। जन प्रतिनिधि भी भयभीत रहते हैं। उन्होंने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है पूर्वमंत्री उनके कार्यों की जांच कराकर न्याय दिलाएंगे।

वहीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि बीडीओ को इस बात का भी डर नहीं है कि जब भाजपा की सरकार बनेगी तो कहां जाएंगे जनता का सेवक बनकर आये बीडीओ के भय से जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि जब तक सगमा से बीडीओ नहीं जाएंगे हमलोग चुप बैठने वाले नहीं है।

हजारी प्रसाद यादव ने कहा कि यहां बीडीओ से मिलना भगवान से मिलने जैसा है। जब से सगमा बीडीओ आये हैं, प्रखंड की जनता परेशान है।

पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने बताया कि बीडीओ के द्वारा ग्रामीणों के साथ उचित व्यवहार नहीं करना कहीं से न्याय संगत नहीं है। जब तक वह सभी को न्याय नहीं दिल देते तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सारी जानकारियां प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मीडिया को दी जाएंगी।


**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉची।**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/23–24.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 23/05/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 24/05/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 24/05/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल राँची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यवहार न्यायालय, खूँटी के 4 कोर्ट भवन एवं रिकार्ड रूम में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 9,09,091=00 | 19,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 2. | पुराने परिसदन भवन, गुमला एवं 8 अदद् रूम भवन में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 5,05,097=00 | 11,000=00 | 1250=00 | 14 दिन |
| 3. | मोरहाबादी, रॉची स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 5,53,023=00 | 12,000=00 | 1250=00 | 14 दिन |
| 4. | विद्युत कार्य प्रशाखा, राजभवन रॉची अन्तर्गत विभिन्न आई0ए0एस0 आई0पी0एस बंगलो में बगीचा लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 6,43,512=00 | 14,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉची।

PR.NO.297341 Energy(23-24):D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 14 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## हज यात्रियों को लगा मेनेंजाइटिस का टीका



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। हज में जाने वाले हज यात्रियों को अलसफा होटल अमला टोली में प्रशिक्षक हाजी हासिम द्वारा यात्रियों को प्रशिक्षण दिये गये। मौके पर सदर अस्पताल के जानिब से लोहरदगा, गुमला, लातेहार से करीब 95 आये हुये आजमीन को मेनेनजाइटिस का टीका के अलावे पोलियों का खुराक भी दिया गया ताकि हाजी स्वस्थ रहे। इस दौरान प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले प्रशिक्षण ये खास कर अपील किया गया की आप अपने साथ मुल्क, सूबे की तरक्की के लिए अल्लाह के घर में दुआ करें। मौके पर प्रशिक्षक के रूप में हाजी हासिम, हाजी वाली के अतिरिक्त मुमताज अहमद, अशरफ खान, शोएब अख्तर, सोहैल अख्तर, मोइन अंसारी, नुसरत, अहरार आलम, परवेज आलम, मुबारक, सुलतान आलम, आदि मौजूद थे।

### लोहरदगा में वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत लगी

# 181 मामले निबटाये, 77 लाख रुपये की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को वर्ष का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा किया गया। जिसमें 181 कोर्ट केस का निष्पादन किया गया। 265 प्रिलिटिगेशन वादों का निपटारा किया गया। वहीं कुल 77,03,884 रुपये की वसूली अर्थदंड के रूप में किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के बैनर तले 14,415 लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। जिसमें कुल 8,23,77,194 रूपये के परिसंपत्तियों का वितरण जिला प्रशासन के विभिन्न




इकाइयों के द्वारा किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायलय श्री सुभाष, पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार, बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छः बेंचो का गठन किया गया था। बेंच संख्या -1 बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए जिला और सत्र न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में , बेंच संख्या -2 मोटर दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए जिला और सत्र न्यायाधीश तृतीय श्री अरविंद कुमार, बेंच संख्या -3 मोटर व्हीकल और सिविल वादों आदि मामले सिविल जज सीनियर डिविजन -2 अर्चना कुमारी, बेंच संख्या - 4 सुलहनीय दांडिक वादों के लिए सीजीएम चंदन, बेंच संख्या - 5 बैंक संबंधित वादों के निष्पादन के लिये न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुचिता निधि तिग्गा, बेंच संख्या -6 उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए कंज्यूमर फोरम मेंबर नंदलाल प्रसाद के नेतृत्व में बेंच का गठन किया गया था। पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष ने कहा कि कोर्ट में मध्यस्थता का अलग महत्व है। कोर्ट में मिडिएटर की भूमिका बढ़ रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आयोजन से कोर्ट और लोगों के समय की बचत होती है। पूरे लोहरदगा जिले में 131 करोड़ रूपए एनपीए घोषित है किंतु स्थायी लोक अदालत के सहयोग से सरकारी पैसे पुनः सरकार को वापस किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव राजेश कुमार ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए इस बार सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था, जिसको लेकर दूर दराज से आये लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

## लोहरदगा में वृद्धाश्रम शुरू




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सदर प्रखंड के मंहो पंचायत स्थित बाजारटांड़ में वृद्धाश्रम का उद्घाटन किया। होप संस्था द्वारा संचालित इस वृद्धाश्रम में वर्तमान में कुल 09 वृद्ध हैं। उद्घाटन के मौके पर सांसद ने कहा कि होप संस्था द्वारा यह काफी बेहतर प्रयास है जो यहां वृद्धजनों के लिए एक आश्रय में उनकी सेवा की जा रही है। उन्हें सभी मूलभूत सुविधायें दी जा रही हैं। मेरे द्वारा और जिला के उपायुक्त द्वारा जो भी संभव सहयोग की अपेक्षा होगी, अवश्य मिलेगी। इस वृद्धाश्रम को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव कार्य हम सभी मिल कर करेंगे।

सांसद द्वारा बेडरूम, कैटरिंग रूम, डाइनिंग रूम, किचेन,टॉयलेट आदि कमरों का निरीक्षण भी किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उराँव, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, प्रमुख सुनीता, मुखिया लक्ष्मी उराँव, ग्राम प्रधान सूरज उरांव और होप संस्था की मनोरमा एक्का और अन्य उपस्थित थे।

## बरवाडीह बीडीओ का मनरेगा योजनाओं में तेजी लाने पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय के कक्ष में मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सर्वप्रथम प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। समीक्षा के उपरांत बीड़ीओ मनरेगा कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया गया। बीडीओ ने सभी मनरेगा कर्मियों को अपने-अपने पंचायतों में लगायें गये आम बागवानी पर विशेष ध्यान देने पर जोड़ दिया। जिससे भीषण गर्मी में उसे बचाया जा सके। बीडीओ ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत जिन श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार नहीं मिला है, उन्हें 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया



जाये। इसके अलावा 100 दिन का रोजगार पूरा होने पर अतिरिक्त काम की मांग कर रहे कर्मियों को 25 दिन का अतिरिक्त काम भी दिया जाये। उन्होंने मनरेगा के तहत कार्यस्थल पर निगरानी रखने, कार्य की प्रगति की जानकारी लेने, श्रमिकों की उपस्थिति पर नजर रखने और लक्ष्य के अनुरूप कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये। इसके अलावा बीड़ीओ ने लंबित मनरेगा कार्यों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश मनरेगा कर्मियों को दिया। समीक्षा बैठक में बीडीओ सभी मनरेगा लाभुकों के घर के पास निर्माण कार्य पूरा होने के लिए 10 जून से पूर्व आवश्यकतानुसार बालू उठाव कर रखने का निर्देश दिया। जिससे बरसात में बालू उठाव पर प्रतिबंध लगने पर निर्माण कार्य बाधित ना हो सके। बैठक में प्रभारी बीपीओ मनीष कुमार मनरेगा सहायक अभियंता विक्की देवेल कनीय अभियंता संजय कुमार, भरतपाल टोप्पो, आलोक उरांव रोजगार सेवक सत्यनारायण राम शीतल कुमारी मोहम्मद आलम कौशलेंद्र कुमार, उज्ज्वल सिंह औरंगजेब खान, ताहिर खान, आरती कुमारी, सुमन कुमारी समेत सभी मनरेगा कर्मियों उपस्थित थे।

## कुडू अंचल कार्यालय में जन सुनवाई, 150 आवेदन आये

- जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से जनता की समस्याओं का किया जा रहा निदानः डॉ रामेश्वर उरांव
- जनता की समस्याओं का निष्पादन का प्रयास हो रहा : धीरज प्रसाद साहू




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा कुडू प्रखंड के अंचल मुख्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में कुडू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आम ग्रामीण जनता शामिल हुयी। जहां मंत्री और सांसद के समक्ष अपनी-अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से रखी। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में लगभग 150 आवेदन विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष रखी गयी। जमीन के मोटेशन कार्य, आवास योजना, पेयजल की समस्या, कृषि, राशन कार्ड, बिजली, सड़क, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन आदि समस्याओं को रखी गयी। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और सांसद धीरज साहू ने कहा कि जनता के समस्याओं का समाधान को लेकर ही जनसुनवाई कार्यक्रम किया जा रहा है। अधिकतर आवेदन जमीन से संबंधित, राशन कार्ड आवास योजना पेयजल समस्या इत्यादि के है। समस्याओं का समाधान करना ही हमारी प्राथमिकता है। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन और समस्याओं के निष्पादन हेतु पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, मंत्री पुत्र रोहित उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, प्रदेष प्रतिनिधि डॉ अजय सहदेव, नेसार अहमद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख 20सूत्री अध्यक्ष हाजी सदरू, उप प्रमुख, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति समेत कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## अंधविश्वास की जागरूकता को लेकर बैठक

कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 13 मई शुक्रवार को थाना क्षेत्र में साईबर क्राईम और ठगी का रोकथाम और समाज में डायन-बिसाही प्रथा पर जागरुकता को लेकर ग्रामीणो के साथ कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔंध करमाली ने किया बैठक। बैठक में श्री करमाली ने कहा कि बदलती दुनिया के दौर मे क्राईम करने वाले व्यक्ति नये-नये हथकंडे अपनाकर लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं, साईबर क्राईम को अंजाम देने वाले अपराधी लोगो के बैंक खाते से पैसा घर बैठे निकाल कर ठगी का काम करते हैं, आप सभी कभी भी फोन पर अपना आधार नम्बर किसी अंजान व्यक्ति को न दे,वही मोबाईल मे किसी भी प्रकार का ओटीपी आता है तो ओटीपी नम्बर अंजान व्यकित को न बताय। श्री करमाली ने साईबर क्राईम के अलग-अलग हथकंडे से आम आवाम को सावधान रहने की बात कही, वही डायन-बिसाही जैसे अंधविश्वास से भी अपने और मानव समाज के लोगो को दूर रहने की बात कही।

## सेन्हा में एंटी क्राइम चेकिंग, वाहन जांच



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। एंटी क्राइम अभियान के तहत सेन्हा थाना अंतर्गत बक्सीडीपा के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान वाहन की डिक्की, बैग, थैला खुलवा कर आपत्तिजनक वस्तु या नशीला पदार्थ होने की सम्भवना में जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान चार पहिया वाहन सहित टेंपू, बाइक, स्कूटी पर भी पुलिस की पौनी नजर बनी हुई थी। वाहन सवार लोगों से पूछताछ भी किया जा रहा था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर वाहनों का जांच किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में क्राइम और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके ।

## पेशरार में चला जागरूकता अभियान



पेशरार (आजाद सिपाही)। पेशरार बाजार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली, पेशरार थाना सहायक समादेष्टा सीआरपीएफ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रमुख, उप प्रमुख और मुखिया की उपस्थिति में स्थानीय ग्रामीणों के बीच डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत कानून के प्रावधानों को बताया गया और होने वाले सजा के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही साइबर क्राइम से सम्बंधित भी जानकारी दी गयी तथा जागरूकता अभियान चलाया गया। वर्तमान में साइबर अपराध बढ़ता जा रहा है। साइबर अपराधी एक से एक हथकंडा अपना रहे हैं। कभी भी किसी के सांझे में आकर बैंक डिटेल, ओ टी पी आदि नहीं बताये।

## चोरी की बाइक बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। चोरी का मोटरसाइकिल छुपाने तथा बिक्री करने के आरोप पर सेन्हा थाना पुलिस ने अरु से अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि सेन्हा थाना कांड संख्या 99/22 के आलोक में जांच पड़ताल के दौरान अरु निवासी जमाल अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र साजिद अंसारी को चोरी कांड में संलिप्ता होने की पुष्टि पर गिरफ्तार किया गया है।

## कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद पार्टीजनों ने मनाया जश्न

अभी शुरूवात है पुरा भारत बाकी हैः आमिर हयात

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ/बारियातु।** बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मुरपा मे कर्नाटक में कांग्रेस की जीत की खुशी कांग्रेस कार्कर्ताओ जमकर आतिशबाजी किया। एक दुसरे को गुलाल लगाकर मीठाईयां बांटे। बालूमाथ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आमिर हयात ने कहा अभी शुरूवात है पुरा भारत बाकी है। मौके पर आमिर हयात , जुबैर



नेता, मोतिरहमान, कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष एजाज उर्फ टीपू मुन्ना आकिब, गठबंधन नेता, सुरेश राम, प्रीतलाल यादव दीपक यादव, श्याम सुंदर यादव सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे। वही बारियातु प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में कर्नाटक में कांग्रेस की जीत की खुशी में प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के जीत के खुशी में जमकर आतिशबाजी की एवं जश्न मनाया गया।

## बरवाडीह में अवैध लकड़ी बरामद, आरोपी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र में वन विभाग को अवैध लकड़ी बरामद करने में कामयाबी मिली है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग के वनपाल नंद कुमार मेहता के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर भट्टी मोहल्ला निवासी रितेश सिंह पिता स्वर्गीय सीताराम सिंह के घर से काफी संख्या में अवैध लकड़ी बरामद हुआ है। वन विभाग को रितेश सिंह के घर से कुल 44 पीस अवैध लकड़ी बरामद हुआ है। जिसमें चौखट, पटरा समेत



अन्य लकड़ी शामिल है। वनपाल ने इस संबंध में अवैध वन पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दिया है। मौके से रितेश सिंह भागने में कामयाब रहा। जानकारी हो कि बीते कुछ दिनों पूर्व रितेश सिंह के घर से ही हिरण का मांस बरामद हुआ था। जिसमें रितेश सिंह नामजद अभियुक्त है। जिसमें पूर्व से ही वन विभाग को रितेश सिंह की तलाश थी। इसके अलावा वन विभाग की टीम ने हेहेगड़ा रेलवे गुमटी के पास से लकड़ी का एक पिस चिरान जप्त किया है। इस मामले में वन विभाग ने हेहेगड़ा निवासी आशीष सिंह पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जो मौके से फरार है। वन विभाग को मौके पर एक टीवीएस मोटरसाइकिल भी बरामद हुआ है। इस अभियान में वनपाल नन्दकुमार मेहता की टीम में वनपाल नंदलाल साहू, दिलीप कुमार, प्रवीण, सत्यनारायण, संजय, उमेश कुमार, बैजनाथ कुमार, अमर कुमार शामिल है।

# बेरमो की खबरें

## सीसीएल सीकेएस तारमी के अध्यक्ष लखन और सचिव बने भुनेश्वर



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो(बेरमो)।** भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ तारमी परियोजना ढोरी शाखा का सर्वसम्मति से पुर्नगठन सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र कुमार मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। पुर्नगठन में बतौर पर्यवेक्षक के रूप में ढोरी क्षेत्र के संगठन मंत्री नुनुचंद महतो ने अपने संबोधन में नवनिर्वाचित सदस्यों के नामों को पढ़ कर भारत माता के उदघोष के साथ घोषणा करते हुए तारमी परियोजना ढोरी के नयी कमिटी की गठन की गयी। जिसमें अध्यक्ष लखन प्रसाद बाउरी, उपाध्यक्ष बालचंद राजभर, मंजुरा बाशुकी तथा विपिन कुमार मंडल, सचिव भुनेश्वर, सहसचिव जमुना नोनिया, निर्मल महतो तथा दिनेश मांझी, कोषाध्यक्ष नुनुचंद साहु, कार्यसमिति सदस्य सोमया रंजन सामाल, अनिल कुमार राम, प्रमोद कुमार यादव रहा विजय कुमार कोले बनायें गये।

## नावाडीहः कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

कर्नाटक तो झांकी है- 2024 अभी बाकी है का लगाया नारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह(बेरमो)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम आते ही नावाडीह में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। शनिवार की शाम नावाडीह चौक पर प्रखंड अध्यक्ष इमरान अंसारी के नेतृत्व में पटखा फोड़कर और एक दुसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

मौके पर जिलासचिव राजेन्द्र



प्रसाद सिंह, महावीर महतो, अनवर राय, प्रमुख सचिव तिलक तुरी, मंडल अध्यक्ष प्रकाश रविदास, मनोज सिंह, रकीब आलम, बबलू महतो, दीपक कुमार, जैनूल राय, मुकेश तुरी, मुंशी राय, टुलू पाण्डेय, आफताब आलम, राजा बाबू, असलम अंसारी, खेमलाल ठाकुर, इलियास अंसारी, अजीमुद्दीन अंसारी, नाजीर अंसारी आदि मौजूद थे।

## बिंदेश्वरी दुबे कॉलेज में कॉमन सर्विस सेंटर का हुआ उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी(बेरमो)।** बिंदेश्वरी दुबे आवासीय महाविद्यालय पिछरी के परिसर में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के दिशा निर्देश पर कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य प्रो० मुकुल कुमार पाठक ने फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि अब महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सभी प्रकार का डिजिटल कार्य इसी कॉमन सर्विस सेंटर से संपन्न होगा। इस मौके पर मौजूद सीएससी केन्द्र के संचालक जगदीश कुमार महतो, धीरज कुमार, शिवा महतो और महाविद्यालय के शिक्षक प्रो एके घोषाल, प्रो एम सिंह, प्रो जेके वर्मा, प्रो केतकी सिन्हा, डॉ विके सिन्हा, प्रो आशीष कुमार, प्रो विके पाण्डेय, डॉ एस अहमद, प्रो दाऊद अंसारी, सानू रजवार, रामचन्द्र मांझी, कृष्णनंदन कुमार, तारकेश्वर रजवार, नेहा कुमारी, सावित्री देवी और अन्य उपस्थित थें।

## नेतरहाट से लौट रही कार खाई में गिरी पति की मौत, पत्नी की स्थिति गंभीर

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गुरदरी थाना क्षेत्र के नेतरहाट घाटी स्थित लुती मोड़ के समीप शुक्रवार की शाम 6:00 बजे नेतरहाट से आ रही पर्यटक कार खाई में गिर गयी। जिससे मौके पर करा चला रहे अमरेंद्र कुमार की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी पुनदाग रांची निवासी डोली रानी गंभीर रूप से घायल है। जिसे पुलिस की मदद से 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमरेंद्र एवं डोली की शादी जनवरी महीने में हुई थी। जिसके बाद दोनों कपल घूमने के लिए नेतरहाट आए हुए थे। जहां वे रात्रि विश्राम करने के बाद रांची लौट रहे थे इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर मिलिट्री मोड़ के समीप खाई में जा गिरी, जिससे अमरेंद्र की मौत हो गई। जहां पर डोली अपने पति को खाई में गिरी गाड़ी से निकालने का प्रयास कर रही थी परंतु वह निकाल नहीं पाई और स्वयं खाई से निकलकर सड़क पर आ गई, जहां लोगों से बचाने की गुहार लगा रही थी। फिर वह सड़क पर बेहोश हो गई। जिसे राहगीरों के द्वारा देखा गया और गुरदरी थाना प्रभारी सदानंद सिंह, बिशुनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार को सूचना दी गई। जिसके उपरांत घायल डोली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया जहां उसका इलाज करने के उपरांत रिम्स रेफर कर दिया गया।

## फर्जी राष्ट्रवाद को जनता ने नकार दिया : रोशन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने फर्जी राष्ट्रवाद और धार्मिक उन्माद फैलाकर वोट हासिल करने वालों को सिरे से नकार दिया है। यह जीत असली राष्ट्रवाद की जीत है। उन्होंने कहा कि अब जनता विकास, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर वोट डालना पसंद करती है। जनता को बहुत दिनों तक गुमराह नहीं किया जा सकता है। ग्लोबल तकनीकी युग में बहुत दिनों तक आम लोगों को गुमराह करके अपने पक्ष में मतदान कराने वाले लोगों को मुंह की खानी पड़ी है। उन्होंने कर्नाटक के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ कर्नाटक की जनता को भी धन्यवाद दिया है।

## नगर परिषद ने अवैध बोरिंग मशीन को किया जब्त, 25 हजार लगाया जुर्माना



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्राप्त शिकायत के आलोक में नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार के निर्देश पर नगर परिषद के उड़नदस्ता दल ने शहर के पंजाबी गली, इस्लामपुर इलाके में चल रही एक अवैध बोरिंग मशीन को जब्त किया। इस संदर्भ में उन्होंने 25 हजार रु. का जुमाना भी लगाया। शनिवार को उक्त कार्रवाई नगर प्रबंधक हेलाल अहमद की अगुवाई में की गई। जब्त की गई मशीन 'बाबा बोरवेल' एजेंसी की है। नगर प्रबंधक ने बताया कि माफीनामा और अंडरटेकिंग के साथ उपरोक्त जुर्माना राशि जमा करने पर मशीन को सशर्त रिलीज किए जाने का प्रावधान है, किंतु अगर दोबारा पुनरावृत्ति होती है तो एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। हेलाल अहमद ने बताया कि प्रशासक के निर्देश पर शहर में अवैध बोरिंग करने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार की कार्रवाई के दौरान कर दारोगा बृजेश कुमार एवं उड़नदस्ता दल के अन्य सदस्य एवं सुरक्षा जवान मौजूद थे।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोपी 14 वर्षीय किशोर गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी गांव में एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ नाबालिग किशोर के द्वारा मेला से लौटने के दौरान रास्ते में जबरदस्ती दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी 14 वर्षीय किशोर को पकड़ कर जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी अमित चौधरी ने बताया कि नाबालिग लड़की गांव में ही लगने वाले मेले में घूमने गई थी। वापस अपने सहेली के साथ लौट रही थी, तो रास्ते में ही घात लगा कर बैठा एक किशोर के द्वारा दोनों को रोक लिया गया। जिसके बाद पीड़िता की सहेली को डरा कर घर भगा दिया और पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की सहेली जब भागकर वहां से घर पहुंची तो घर वालों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद पीड़िता के माता-पिता के द्वारा बच्ची की खोजबीन की गयी, तो वह बरामद हो गई। जिसके बाद थाना में मामले की शिकायत की गयी। शिकायत मिलते ही पीड़िता के द्वारा बताए गए किशोर को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## नौवीं झारखंड राज्य जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन 16 मई को

**भरनो (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह में आगामी 19 मई से 21 मई तक होने वाली नौंवी झारखंड राज्य जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुमला जिला के कबड्डी टीम का चयन किया जा रहा है। इसके लिए बसिया प्रखंड के कोनवीर मैदान में 16 मई को 10 बजे से चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी गुमला जिला कबड्डी संघ के सचिव सह शिक्षिका सुषमा नाग ने देते हुए जिले के सभी बालक-बालिका कबड्डी खिलाड़ियों से चयन प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 16 मई की प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी को गुमला टीम में शामिल कर गिरिडीह की प्रतियोगिता में खेलने के लिए भेजा जाएगा।

**उत्साह : हनुमान जी का गदा बना राजनैतिक सिंबल, कांग्रेसियों ने गदा लेकर टावर चौक में मनाया जश्न**

# कर्नाटक में कांग्रेस की जीत, आम जनता की जीत है : चैतु उरांव

**कर्नाटक की जीत पर गुमला के कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई, लगाए ठुमके**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के टावर चौक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में कर्नाटक में कांग्रेस की जीत का जश्न आतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर मनाया गया। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिलने पर कर्नाटक की जनता के प्रति जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने आभार व्यक्त किया और जनता को बधाई व धन्यवाद दिया।

मौके पर उन्होंने कहा कि कर्नाटक की देवतुल्य जनता ने झूठ, फरेब और नफरत को नकार कर सच्चाई, ईमानदारी और भाईचारे को अपनाया। कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने सारे नीच हथकंडे अपनाकर लोगों को तोड़ने का काम किया लेकिन समझदार जनता ने कांग्रेस को बहुमत देकर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दिया है। कर्नाटक की जनता ने भाजपा के कुशासन से बचाया है, अब पूरे देश की जनता भाजपा से मुक्ति दिलाएगी।

भ्रष्ट भाजपा सरकार ने कर्नाटक में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी थी। भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी से कर्नाटक की जनता त्रस्त थी। जिससे आज उन्हें मुक्ति मिली। चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने धर्म-जाति के नाम पर समाज को तोड़ने का भी प्रयास किया लेकिन उसके सारे मंसूबों पर पानी फिर गया। देश की जनता के आशीर्वाद और जनता के समर्थन से भाजपा की सरकार पूरे देश से हट जाएगी।मैं फिर एकबार कर्नाटक की जनता, कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को ढेर सारी बधाई देता हूं। मौके पर प्रदेश सचिव रमेश कुमार, अकिल रहमान, जिला उपाध्यक्ष मानिक चंद साहू, विष्णु राम, महासचिव राजू रंजन महतो, संतोष जी, मो. कलाम आलम, खालिद शाह, रामनिवास प्रसाद, मुख्तार आलम, मो. शादाब, तरूण गोप, रूपेश कुमार सन्नी, गुलाम सरवर, शहजाद अहमद, शाहजहां अंसारी, अफतर अंसारी, मंसुब अंसारी, लिपट कुमार, सरताज अंसारी, कुलदीप राम, मोहम्मद रफी, बेल साजर साहित काफी कांग्रेसी मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ फाइनेंस कंपनी कर्मी से लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**चैनपुर पुलिस के सहयोग से छत्तीसगढ़ पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल समेत मोबाइल व नगद पैसे बरामद किये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवे नगर पंचायत से छत्तीसगढ़ पुलिस ने लूट कांड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते वर्ष 19 नवंबर को छत्तीसगढ़ के आरोहण फाइनेंस कंपनी से हुए लूट का छत्तीसगढ़ पुलिस ने उद्भेदन करते हुए झारखंड के गुमला जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर लूटे गए सामान को बरामद किया है। आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस समेत मोबाइल व नगद पैसे भी बरामद किये गये हैं। वहीं तीसरा आरोपी लोदाम के छत्तीसगढ़ थाना अंतर्गत सरई टांगर का बताया जा रहा है। घटना के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिले के एसपी डी रविशंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीते वर्ष 19 नवंबर को आरोहण फाइनेंस कंपनी के कर्मी धनेंद्र जीतराम पिता जलधर राम चैनपुर से फाइनेंस का किश्ती पैसा वसूल कर वापस जसपुर जा रहा था, तभी भुडकेल गांव के शासकीय स्कूल के पास आरोपियों ने उसकी गाड़ी रोक कर उसके सीने में पिस्तौल सटाकर उसके पास से 67300 रु. नगद एवं दो मोबाइल फोन एक स्मार्ट वॉच लूट लिया था। वहीं इन्हीं आरोपियों के द्वारा दोबारा 29 नवंबर को छत्तीसगढ़ के भारत फाइनेंस के कर्मी दिलीप कुमार श्रीनिवास से पीढ़ी पुल के समीप हथियार का भय दिखाकर 1 लाख 60 हजार 700 रु. नगद व एक मोबाइल व एक पावर बैंक लूट कर फरार हो गए। जिसके बाद दोनों भुक्तभोगियों के द्वारा जसपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया था। जिसके बाद छत्तीसगढ़ के जशपुर पुलिस ने मोबाइल लोकेशन खंगालते हुए लोदाम थाना क्षेत्र के सराय टांगर निवासी सेख अफजल पिता शेख अलीम को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में उसने अन्य सहयोगियों का नाम बताया। जिसके बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने झारखंड के गुमला जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवे नगर केराबार निवासी इबरार खान, आवरा टोली निवासी असलम शेख एवं रमजान मियां पिता इसाक मियां को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लूट कांड में प्रयोग पल्सर एनएस मोटरसाइकिल सहित लूट के सामान को बरामद कर सभी चारों आरोपियों को जेल भेज दिया। इस छापेमारी दल में छत्तीसगढ़ पुलिस पदाधिकारियों के साथ चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह का अहम योगदान रहा।

## झारखंड आंदोलनकारी पहचान बचाने के लिए संघर्ष करें : पुष्कर महतो

**झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला बैठक आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला के तत्वावधान में शनिवार को कचहरी परिसर में झारखंड की इज्जत एवं इतिहास को बचाने के मुद्दे पर चर्चा के लिए बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं केंद्रीय सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी हाथ में हाथ धरे अब ना बैठें बल्कि अपने मान-सम्मान एवं पहचान के लिए एक और आंदोलन के लिए सामने आयें। आज झारखंड का अस्तित्व, पहचान, इतिहास एवं इज्जत खतरे में है। ऐसी परिस्थितियों में झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों को सामने आना ही होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए झारखंड आंदोलनकारी सह जिला अध्यक्ष मंगरा उरांव ने कहा कि गुमला की धरती आंदोलनकारियों की पावन धरती है। आंदोलनकारियों ने अलग राज्य के आंदोलन को दिशा देने का काम किया है लेकिन आज यहां के आंदोलनकारी उपेक्षित हैं। लोहरदगा के आंदोलनकारी साथी रंजीत उरांव ने कहा कि हम अपनी पहचान को मिटने नहीं देंगे बल्कि नयी इबारत लिखने को तैयार रहें झारखंड आंदोलनकारी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक शहजाद अनवर ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के मूल्यों को स्थापित करना झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों का परम दायित्व है। आंदोलनकारी अपने दायित्व से विमुख ना हों बल्कि संपूर्ण झारखंड के मान-सम्मान पहचान नियोजन एवं सम्मान राशि के लिए संघर्ष करने को तैयार रहें।

बैठक में अजीत विश्वकर्मा, सरवर आलम, रोजलीन तिर्की, विश्वनाथ भगत, महेंद्र उरांव, मनोज वर्मा, सहदुल मंसूरी, कौशल किशोर सिंह, आनंद तांबा, अजीत मिंज सहित अन्य ने भी अपनी-अपनी बातें रखीं।

**प्रतियोगिता : महिला खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट के 16 और बैडमिंटन के 142 मैचों का हुआ आयोजन**

# बालिका क्रिकेट और बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेता हुए सम्मानित

**2 मई से 13 दिनों तक जिले के 400 बालिका खिलाड़ियों ने क्रिकेट एवं बैडमिंटन टूर्नामेंट में लिया भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बालिका खिलाड़ियों के लिए आयोजित 2 मई से 13 दिनों तक जिला स्तरीय बैडमिंटन एवं क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं एसएस+2 बालिका विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। 13 दिवसीय इस टूर्नामेंट में क्रिकेट एवं बैडमिंटन में लगभग 400 बालिकाओं ने भाग लिया। क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 16 मैचों का आयोजन किया, जिसमें 255 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं बैडमिंटन टूर्नामेंट में कुल 143 मैचों का आयोजन हुआ जिसमें कुल 144 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। शनिवार को उक्त टूर्नामेंट के समापन पर विजेताओं को उपायुक्त सुशांत गौरव, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता एवं जिला खेल पदाधिकारी रश्मि मिंज ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों को आगे भी इसी प्रकार से परिश्रम करते हुए अपना नाम जिले से बाहर भी बनाने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जिले में इस प्रकार से पहली बार केवल बालिकाओं के लिए जिला स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। आगे भी इस प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अच्छे खिलाड़ियों को जिला स्तर की टीम में भी नामित किया जाएगा। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। पुरस्कार वितरण समारोह में जिले के हॉकी टीम के विजेता जिन्होंने झारखंड जूनियर एवं सब जूनियर प्रतियोगी भाग लेकर राज्य स्तर पर अपना और जिले का नाम करने वाली विजेताओं को भी सम्मानित करने हेतु बुलाया गया। 8 एवं 9 मई को टाटा जमशेदपुर में उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। उक्त विजेताओं को भी उपायुक्त ने सम्मानित किया।

**इन विजेताओं को किया गया सम्मानित :** क्रिकेट टूर्नामेंट में एसएस+2 वर्ग के फाइनल प्रतियोगिता में एसएस+2 बालिका उवि गुमला तथा एसएस+2 रायडीह के बीच प्रतियोगिता में एसएस+2 बालिका उवि गुमला ने 10 रन से रायडीह की टीम को हराते हुए जीत हासिल की। जिसमें गुलाबी कुमारी मैच टॉपर रहीं। वहीं केजीबीवी वर्ग के अंतिम मैच में केजीबीवी भरनो एवं केजीबीवी डुमरी की टीम शामिल रही, जिसमें भरनो की टीम ने 3 विकेट से जीत हासिल की। जिसमें नूतन तिर्की को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया।

**बैडमिंटन टूर्नामेंट की विजेता :** बैडमिंटन टूर्नामेंट में सिंगल एवं डबल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें केजीबीवी सिंगल में विशुनपुर की सरिता कुमारी विजेता रहीं। वहीं रायडीह की जश्मीन कुमारी उप विजेता रहीं। केजीबीवी डबल्स में विशुनपुर की सरिता कुमारी एवं मंजू कुमारी विजयी रहीं। वहीं पालकोट को अनुप्रिया कुमारी एवं अल्मा कुमारी उप विजेता रही। एसएस+2 वर्ग में सिंगल्स में विशुनपुर की अंजनी कुमारी विजेता रहीं वहीं विशुनपुर की निशा कुमारी उप विजेता रही। एसएस+2 डबल्स में अंजनी कुमारी एवं सुषमा कुमारी विजेता रहीं। वहीं निकिता कुमारी एवं आरती कुमारी उप विजेता रही। बैडमिंटन में उत्कृष्ट खिलाड़ियों में आरती कुमारी एवं अंजनी कुमारी को पुरस्कृत किया गया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## चैनपुर कौशल विकास केंद्र सभागार में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के कौशल विकास केंद्र सभागार में शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन बीडीी डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर राजस्व विभाग, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, जेएसएलपीएस से बाल विकास परियोजना, मनरेगा, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति विभाग का स्टॉल लगाया गया था। इस कार्यक्रम में विभागवार लाभुक व जरूरतमंदों को अनेकों लाभ प्रदान किया गया। मौके पर बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह, सीओ गौतम कुमार एवं अनुमंडल दंडाधिकारी चैनपुर एवं जिप सदस्य मेरी लकड़ा के द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य मेरी लकड़ा, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं उनकी टीम, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, प्रखंड समन्वयक अमर साहू, हीरा लाल साहू, राजकुमार यादव, विश्व राम केवट, राम मोहन साहू, अंकित भास्कर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर घाघरा प्रखंड कांग्रेसियों ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे के नेतृत्व में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड जीत पर चांदनी चौक घाघरा में कांग्रेसियों ने शनिवार की देर शाम 6:30 बजे आतिशबाजी की और लोगों के बीच मिठाईयां बांटी। इस क्रम में प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा का यह नतीजा है कि कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस पार्टी ने प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल की है। आने वाले समय में लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत के साथ केंद्र में सरकार बनेगी और जितने भी प्रदेश में चुनाव होंगे कांग्रेस पार्टी का परचम लहरेगा। मौके पर उपस्थित कांग्रेसियों अरुण पांडेय, ऑगस्टिन महेश कुजूर, कृष्णा कुमार लोहरा, पल्लव कुजूर, चैता भगत, दिलबहार अंसारी, आदित्य भगत, सहजाद खान, परमेश्वर साय, जोगेंद्र भगत, रमेश जायसवाल, अशोक उरांव, नैमुल खान, राजीव उरांव, देवा उरांव, कीनू लोहरा, सतु सिंह, जेवियर लकड़ा शामिल थे।

## कर्नाटक में जीत पर पालकोट प्रखंड कांग्रेसियों ने मिठाई बांट खुशी मनायी

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड कांग्रेस ने कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर पालकोट चौक में आम जनता सहित एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं जोरदार आतिशबाजी कर खुशी प्रदर्शित किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने कहा कि आज के समय में जनता भाजपा के मूल चेहरे को पहचान चुकी है। इस चुनाव में भाजपा ने सीधे रूप से वोट के ध्रुवीकरण के लिए बजरंगबली का नाम लेकर अपना स्वार्थ साधने का प्रयास किया लेकिन जागरूक जनता ने उनको बता दिया कि वास्तव में चिरंजीवी बजरंगबली सत्य और प्रेम के साथ ही हैं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी बसंत गुप्ता, प्रखंड उपाध्यक्ष सत्यनारायण केसरी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विजय ठाकुर, प्रखंड कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष संजय नागरची, प्रखंड युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष राकेश सिंह, प्रखंड एनएसयूआई अध्यक्ष स्वराज गुप्ता, दक्षिणी मंडल कोषाध्यक्ष मनोज बड़ाइक, राजेश साहू, मोहम्मद आमिर, श्याम लकड़ा सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जवाहर साहू अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार संघ के जिला अध्यक्ष बनाये गये



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन श्राफ के द्वारा सिसई के मकुन्दा बरगांव निवासी जवाहर साहू को जिला अध्यक्ष पद पर चयन किया गया। उन्हें इससे पूर्व में भी जिलाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया था। कोरोना समय में उत्कृष्ट कार्य व जनसेवा को देखते हुए पुनः जिलाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान जवाहर साहू ने कहा कि उनके द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के तहत जिले के लोगों की मूलभूत समस्याओं को दूर करने, क्षेत्र के दबे-शोषित पीड़ितों को उनका हक दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही गांव से लेकर जिले तक लोगों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कर मानवाधिकार संघ से जोड़ने और लोगों को मानवाधिकार के प्रति जागरूक करने का काम किया जाएगा। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सिसई वासियों ने जवाहर साहू को बधाई व राष्ट्रीय अध्यक्ष को धन्यवाद दिया।

## सांसद आदर्श ग्राम में नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सांसद आदर्श ग्राम रेहे कुबा टोली गांव में शनिवार को प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मीनू के नेतृत्व में एक दिवसीय निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां गांव के 25 पशुपालकों ने अपने 30 से अधिक पशुओं का उपचार कराया एवं निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। मौके पर डॉक्टर मीनू ने उपस्थित पशुपालकों को पशुपालन संबंधित लाभकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पशुओं में होने वाले रोग के लक्षण एवं बचाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अगर पशुओं में किसी प्रकार के रोग के लक्षण दिखते हैं तो निस्संकोच आप सभी प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय पहुंचकर जानकारी दें। हमारे विभाग की टीम आप लोगों की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। टीम में मुख्य रूप से रीना तिर्की, सोमा धनवार, पशुपालक ईश्वर भगत, श्री भगत, साए भगत, देवराज उरांव, सुमित्रा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक में वेतनमान के लिए आंदोलन का निर्णय

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा रायडीह प्रखंड इकाई की बैठक रांची जिलाध्यक्ष मो. शकील की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मो. शकील ने कहा कि हमारी वेतनमान की मांग अब तक अधूरी है एवं झारखंड सरकार इस पर पहल नहीं कर रही है। अतः अब हमने निर्णय लिया है कि अपनी मांग के लिए आंदोलन के रास्ते पर चलेंगे। इस हेतु रणनीति बनाने के लिए 21 मई को मोर्चा की राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिले के अगुआ साथी सम्मिलित होंगे। साथ ही मानदेय भुगतान जल्द कराने हेतु पहल करने की बात कही। साथ ही आकलन परीक्षा की तैयारी हेतु समस्त सहायक अध्यापकों को सहयोग, अनुकम्पा की नियमावली को शिथिल करते हुए योग्यता आधारित करने तथा सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में आवश्यक संशोधन करने हेतु मांग रखने की बात कही। बैठक में जिला सचिव नीलेश मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष जयराम साहू, अर्जुन मल्लाह, हीरा प्रसाद सिंह सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक शामिल हुए।

## सलाह : सोच को विकसित कर लेने मात्र से बन जायेंगे एक कामयाब इंसान

# मुकाम पाने के लिए किसी बैसाखी की नहीं मेहनत की जरूरत होती है : डॉ एचसी वर्मा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जेएमपी कॉम्पलेक्स स्थित दृश्यम इंस्टिट्यूट में शनिवार को चैट विथ चैंपियन सेमिनार आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आइआइटी कानपुर के पूर्व भौतिकी प्रोफेसर डॉ एचसी वर्मा के अलावा पलामू एसपी चंदन सिन्हा, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श और दृश्यम इंस्टिट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण दूबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय के नेतृत्व में कनक एंड ग्रुप की ओर से स्वागत गान गाया गया। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि डॉ एचसी वर्मा के आगमन से पलामू




दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का उद्घाटन करते पद्मश्री डॉ एचसी वर्मा व अन्य।

की धरती धन्य हो गई। निश्चित तौर पर पलामू जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में डॉ एचसी वर्मा से भौतिकी के विभिन्न तथ्यों पर चर्चा कर छात्र मार्गदर्शन प्राप्त कर कई कठिन परिक्षाओं में बेहतर परिणाम हासिल करेगें। वहीं, पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि पलामू में सर (डॉ एचसी वर्मा) का आगमन हम सभी के लिए गौरव की बात है। हम सभी ने अपने अध्ययन काल के दौरान इनके पुस्तकों का अध्ययन किया है। आज उनसे साक्षात विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। दूसरी ओर, पद्मश्री डॉ एचसी वर्मा ने कहा कि हम सभी बचपन से ही भौतिकी से परिचित है। बावजूद इससे अनजान है। एक कमरे में रखी हुई पुस्तक कुछ दिनों बाद हमें पुनः वहीं से प्राप्त होती है। अर्थात हमने बिना व्याख्या के न्यूटन का प्रथम नियम सीख लिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को किसी भी परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए विभिन्न टयूशन की नहीं, बल्कि पढ़ाई में स्वतंत्र स्वाध्याय करने की आवश्यकता है। बेहतर डॉक्टर और इंजीनियर बनने वाले बहुत सारे छात्र वैसे भी होते है जिन्होंने जीवन में कभी किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया है। यानी मुकाम पाने के लिए किसी बैसाखी की नहीं, अपनी मेहनत की आवश्यकता होती है। सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए डॉ एचसी वर्मा ने कहा कि अगर आपने खुद की सोचने की क्षमता का विकास कर लिया तो निश्चित तौर पर आप जीवन में एक कामयाब इंसान बन जाएंगे। अपने संबोधन के बाद डॉ एचसी वर्मा ने उपस्थित छात्रों के विभिन्न कठिन प्रश्नों का सहज-सरल उत्तर दिया। मंच संचालन दृश्यम इंस्टीट्यूट के गणित शिक्षक रिया और कैमिस्ट्री शिक्षक अजीम ने किया। इस मौके पर बीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल के चेयरमैन बलिराम शर्मा, प्रसिद्ध सर्जन सुशील कुमार पांडेय, कैंब्रिज स्कूल के प्रिंसिपल नंद किशोर भारती, अफताब आलम, विजय दूबे, कुंदन दूबे आइआइटी खड़गपुर, फिजिक्स फैकल्टी पंकज, पीयूष, कौशल पटेल, सिद्धार्थ कुमार और छोटू आदि मौजूद थे।

## रेहला एबीपीएस स्कूल के छात्रों नें 10वीं और 12वीं में लहराया सफलता का परचम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 'आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल' रेहला के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपना और विद्यालय का नाम रोशन किया है। बतातें चलें कि इस बार 10वीं व 12वीं की परीक्षा में एबीपीएस रेहला का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 10वीं की परीक्षा में कुल 134 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुल शामिल प्रतिभागियों में 18 छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक अर्जित किया। जबकि 65 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 फीसदी से अधिक अंक अर्जित किए। 10वीं की छात्रा ऋतिका विश्वकर्मा ने 98.20 फीसदी अंक लाकर विद्यालय में प्रथम और आदित्य राज ने 97.6 फीसदी अंक लाकर द्वितीय एवं आकृति कुमारी ने 95.8 फीसदी अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किए। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली ऋतिका विश्वकर्मा ने गणित



विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय में 100 फीसदी अंक प्राप्त कर सबको अचंभित कर दिया। 12वीं की परीक्षा में कुल 88 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 14 छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। जबकि 60 छात्र विशिष्टता के साथ उत्तीर्ण होते हुए 75 फीसदी से अधिक अंक अर्जित किए। इस परीक्षा में विज्ञान वर्ग के अंतर्गत श्रेया रानी ने 94.20 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, तो कुणाल गौरव 93.80 फीसदी अंक प्राप्त कर द्वितीय और अभिषेक यादव 93.40 फीसदी अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में वाणिज्य संकाय से प्राची सिंह 92.80 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम, शिवानी कुमारी 92 फीसदी अंक प्राप्त कर द्वितीय और उदित भाष्कर 91 फीसदी अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल की। परीक्षा परिणाम के पीछे विद्यालय के गुरुजनों का कुशल नेतृत्व और पूरे सत्र में विद्यार्थियों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण फैसले से ही यह संभव हुआ है। छात्रों के विकास के लिए प्रबंधन का सहयोग व समर्थन भी महत्त्वपूर्ण रहा है। छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय अपनी अन्य भौतिक सुविधाओं से युक्त सुसज्जित नए भवन बेलचम्पा, गढ़वा में अतिशीघ्र स्थानातिरत होने की योजना में चरमोत्कर्ष पर है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य ने इसका पूरा श्रेय कुशल अध्यापकगण के लगन व परिश्रम के साथ ही अभिभावकगण के सहयोग व समर्थन को दिया। सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पार्टी के प्रति विश्वास की झलकः धनंजय


हुसैनाबाद में जश्न मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस की प्रचंड जीत पर हुसैनाबाद के जेपी चौक पर कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया। एक-दूसरे को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जीत का जश्न प्रदेश कांग्रेस के सचिव धनंजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में मनाया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा को हराकर पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की जीत हुई है यह जनता का कांग्रेस के प्रति विश्वास की झलक है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, जिला पदाधिकारी मसरूर अहमद, अवध बिहारी सिंह, नवल किशोर पाठक, शंभू सिंह, शैलेश सिंह, नगर अध्यक्ष रंजीत कुमार, हुसैनाबाद के मंडल अध्यक्ष रामसुंदर राम, यासिर अराफात' रघुराई यादव, अंबिका सिंह, नूरजमा खान, प्रवीण तिवारी, गुप्तेश्वर तिवारी, संतोष तिवारी, उमेश तिवारी और सुरेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## कुर्मीपुर की मुखिया के पति के साथ मारपीट, थाने में मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चौआ चट्टान गांव निवासी व कुर्मीपुर पंचायत की मुखिया रीना देवी के पति अजय राजवंशी के साथ मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर मुखिया पति ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। आवेदन में कहा कि शनिवार को वे अपने साथी संजय साव के साथ हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय से बाइक से अपने घर लौट रहा था। तभी गमहरबिघा गांव के समीप गमहर बिगह गांव निवासी सूरज सिंह ने बाइक रुकवा कर जाति सूचक शब्द कहते हुए गाली गलौज करने लगा। पिस्टल के बट से सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। इसके बाद पुलिस जांच में जुट गयी है।

# स्पोर्ट्स

आइपीएल

लखनऊ ने सनराइजर्स हैदराबाद को उसी के होम ग्राउंड पर सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने 20 ओवर में छह विकेट पर 183 बनाये थे, जिसे लखनऊ ने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।

### लगातार तीसरी जीत, मांकड़ का पहला अर्धशतक, पूरन ने 13 बॉल पर बनाये 44 रन

## लखनऊ सुपरजायंट्स ने हैदराबाद को सात विकेट से हराया

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपरजायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। शनिवार को लखनऊ ने हैदराबाद को उसी के होमग्राउंड में सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही लखनऊ ने प्लेऑफ क्वालिफिकेशन की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। टीम के खाते में 13 अंक हैं। अपने होमग्राउंड पर हैदराबाद ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 182 रन बनाए। वहीं, 183 रन का लक्ष्य लखनऊ के बल्लेबाजों ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर ही



हासिल कर लिया।

### पूरन की पारी से जीता लखनऊ

पूरन की 13 बॉल पर नाबाद 44 रन की विस्फोटक पारी ने लखनऊ को जीत दिलाई। टीम ने शुरूआत के 12 ओवर में 75 रन ही बनाए थे। पूरन के अलावा प्रेरक मांकड़ ने 45 बॉल पर नाबाद 64 रन बनाए। जबकि मार्कस स्टोइनिस ने 25 बॉल पर 40 और क्विंटन डिकॉक ने 19 बॉल पर 29 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स, मयंक मारकंडे और अभिषेक शर्मा ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले, हैदराबाद की ओर से हेनरिक क्लासेन ने 29 बॉल पर 47 रन बनाए। ओपनर अनमोलप्रीत सिंह ने 27 बॉल पर 36 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या को दो विकेट मिले, जबकि युद्धवीर, आवेश खान, यश ठाकुर और अमित मिश्रा के हिस्से एक-एक विकेट आया।

### स्टोइनिस और मांकड की अर्धशतकीय साझेदारी

54 पर दो विकेट गंवाने के बाद मार्कस स्टोइनिस ने प्रेरक मांकड़ के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। दोनों ने 43 बॉल पर 73 रन जोड़े। इस साझेदारी को अभिषेक शर्मा ने स्टोइनिस को आउट करके तोड़ा।

### धीमी रही लखनऊ की शुरूआत

183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरूआत धीमी रही। टीम ने छह ओवर में एक विकेट पर 30 रन बनाए। ओपनर काइल दो रन पर आउट हुए।

### हैदराबाद ने बनाये 182 रन, अर्धशतक से चूके क्लासेन

हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाए। हेनरिक क्लासेन ने 47 रनों की पारी खेली, जबकि अब्दुल समद 37 रन पर नाबाद लौटे, वहीं ओपनर अनमोलप्रीत ने 36 रन का योगदान दिया। क्रुणाल पंड्या को दो विकेट मिले, जबकि युद्धवीर, आवेश खान, यश ठाकुर और अमित मिश्रा के हिस्से एक-एक विकेट आया।

## नेतृत्व क्षमता और भाषण, कौशल गुणों को विकसित करने का प्रयास : कृष्णकांत दुबे

**जपला सरस्वती विद्या मंदिर में बाल संसद का किया गया गठन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विद्या विकास समिति झारखंड की ओर से संचालित जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार सदन व्यवस्था के लिये बाल संसद का चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सेनापति, उप सेनापति, मंत्री और सह मंत्री पद के लिए चुनाव कराया गया। बाल संसद के चुनाव में मतों के आधार पर पदाधिकारी चयनित हुए। विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के सदस्य सत्येंद्र कुमार चंदेल, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, पर्यवेक्षक शशि कुमार, मृत्युंजय प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, दीपक पाण्डेय, हर्षदा चौबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं,




विजेता प्रतिभागियों में किशोर भारती से अध्यक्ष आदित्य राज, उपाध्यक्ष सुलभ सिंह, मंत्री अमित कुमार, सह मंत्री प्रिंस कुमार सिंह, बाल भारती से अध्यक्ष राहुल कुमार, मंत्री अभिषेक यादव, सह मंत्री अंकित कुमार सिंह, शिशु भारती से अध्यक्ष अंश परमार, मंत्री आशुतोष कुमार, सह मंत्री आर्या कुमार और कन्या भारती से सेनापति नंदनी सिंह, उपसेनापति रानी पटेल, अध्यक्ष श्रेया शर्मा, उपाध्यक्ष शिवानी सिंह, मंत्री सुप्रिया पाठक, सह मंत्री सौम्या कुमारी विजयी घोषित हुए। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि बाल संसद के चुनाव से भैया-बहनों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर रंजीत मिश्र, राजेश्वर सिंह, राजकुमार सिंह, उषा कुमारी, दीप्ति सिन्हा, प्रचार-प्रसार प्रमुख अभिषेक पाठक सहित सभी आचार्य-आचार्या उपस्थित थे।

## कर्नाटक में ऐतिहासिक जीत पर पलामू कांग्रेस ने निकाला जुलूस, जमकर उड़े अबीर-गुलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कर्नाटक में प्रचंड जीच की खुशी में पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर जश्न मनाया गया। जुलूस स्थानीय कांग्रेस भवन के मैदान से निकल कर विभिन्न चौक-चौराहा से होते हुए स्थानीय छह मुहान चौक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व आतिशबाजी कर जीत पर जश्न मनाया। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि देश में भेदभाव और नफरत फैलाने वालों की हार हुई है। कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत जनादेश का पार्टी के प्रति बढ़ते विश्वास का नतीजा है। इसके लिए कर्नाटक की जनता को दिल से धन्यवाद देते हैं। ये आम जनता के मुद्दों की जीत है। यह कर्नाटका की प्रगति के विचार को प्राथमिकता देने की जीत है। ये देश को जोड़ने वाली राजनीति की जीत है। उन्होंने भाजपा के खराब प्रशासनिक क्षमता के खिलाफ गुस्से का इजहार करते हुए मतदान किया। यह दिखाता है कि कर्नाटक


कर्नाटक में मिली जीत का पलामू में जश्न मनाते कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता।

के मतदाता जाग चुके हैं। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों की ओर से प्रचार करने और धनबल- बाहुबल का इस्तेमाल किए जाने के बावजूद लोगों ने एकजुट होकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया। जन-जन के नेता राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा का यह सकारात्मक परिणाम है। देश की जनता अब जाग चुकी है। भारतीय जनता पार्टी की फूट डालो राज करो कि राजनीतिक अब देश में नहीं चलेगी।

मौके पर प्रमुख रूप से 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश महासचिव विजय चौबे, लक्ष्मी नारायण तिवारी, शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, अशोक पासवान, रूद्र शुक्ला, एजाज अहमद खान, नसीम खान, नफीस खान, मिट्ठू खान,जितेंद्र कमलापुरी, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, विद्या सिंह चेरो, परीक्षित दूबे, विजय अग्रवाल, मिथिलेश सिंह, अरविंद अग्रवाल, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना खान, राजेश चौरसिया, मुकेश सिंह, साकेत सिंह, संतोष गुप्ता, रविंद्र कुमार, भूमिती नारायण पाठक, शैलेश मेहता, अभय पांडे, सुनील दूबे, रिंकू सिंह, राकेश चौबे, चिंतामणि तिवारी, खुर्शीद आलम, कुश कुमार, गणेश रवि, नीतीश पासवान, देवांग शुक्ला, सौरभ पांडे, प्रभात अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महुदंड मुखिया ने पेयजल समस्या को लेकर मंत्री मिथिलेश को लिखा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुदंड पंचायत की मुखिया मिना देवी ने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पत्र प्रेषित कर पंचायत क्षेत्र में पेयजलापूर्ति की मांग की है। मंत्री को भेजे पत्र के जरिए मुखिया ने बताया कि महुदंड पंचायत जंगलों-पहाड़ो से घिरा है। यहां अधिकतर आदिम जनजाति के गरीब परिवार रहते हैं। प्रखंड मुख्यालय से इसकी दूरी लगभग 25 किलोमीटर है। इस पंचायत में दर्जनों गांव हैं, जहां पेयजल के लिए लोगों को भटकना पड़ता है। नासो


पेयजल मंत्री को पत्र देते मुखिया पति।

जमालपुर एक गांव है जहां पेयजल के लिए हाहाकार मचा है। वहां के ग्रामीण दो किलोमीटर से दूरी से पानी लाकर प्यास बुझाने को विवश है। उन्होंने मंत्री से उक्त गांव में डिपबोर कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों की पेयजल की समस्या से निजात मिल सके। उधर, मंत्री मिथिलेश ने भी इस समस्या को लेकर अविलंब पहल करने का आश्वासन दिया।

## रक्तदान कर दूसरों के जीवन में लाना चाहते हैं सकारात्मक बदलाव : चंदन

**भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री चंदन प्रजापति ने अपने जन्म दिवस पर किया रक्तदान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के पलामू जिला मंत्री चंदन प्रजापति ने अपने जन्म दिवस पर शनिवार को मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज में रक्तदान कर अनजाने व्यक्ति की मदद की। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि अपने जन्मदिवस पर प्रत्येक वर्ष 13 मई को रक्तदान कर दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। वे लोग जिन्हें हम




नहीं जानते, जिन लोगों से हम कभी नहीं मिल सकते हैं। अपने जन्मदिवस पर रक्तदान कर सबसे बड़ा अंतर लाने का एक सरल, सुरक्षित और प्रभावी तरीका है। वहीं रक्तदान से हमें भी कई फायदे हैं। साथ ही मेरे रक्त से किसी का जीवन बचने पर आत्मसंतोष होता है। इस मौके पर डॉ अरविंद दास, वीर सूर्यांशु सिंह, विक्की सिंह, राहुल रंजन प्रजापति और गौतम सिंह आदि मौजूद थे।

## डीसी ने की भू-अर्जन विभाग की समीक्षा बैठक, रैयतों को भुगतान की गति से नाराज

# जिन रैयतों का दावा मिल चुका है, उन्हें एक सप्ताह के अंदर भुगतान सुनिश्चित करें: उपायुक्त

- कहा- जनहित के लिए परियोजना को आगे बढ़ना जरूरी हो गया है
- यदि परिवार के बीच आपसी सहमति नहीं बनती और बंटवारे का मामला आया तो संयुक्त खाता खुलवाएं
- रैयतों को किए जाने वाले भुगतान में तेजी लाने का दिया निर्देश

### भुगतान लेने मे आनाकानी करने पर राशि न्यायालय को हस्तांतरित करें



भू-अर्जन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी कुलदीप चौधरी।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** डीसी कुलदीप चौधरी ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को भू-अर्जन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर समाहर्ता सादात अनवर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजेंद्र कुमार, संबंधित अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे। भू-अर्जन को लेकर भुगतान प्रक्रिया में धीमी गति पर डीसी कुलदीप चौधरी ने नाराजगी जाहिर की। साथ ही समय पर रैयतों के दावे के विरुद्ध भुगतान की गति में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि जनहित से जुड़े होने के कारण प्रोजेक्ट बहुत महत्वपूर्ण है। जिन रैयतों का दावा मिल चुका है उनका भुगतान एक सप्ताह के अंदर करया जाए। वहीं जो अपना दावा प्रस्तुत नहीं किये है उसे नोटिस तामिला कराने को कहा है। तीन नोटिस के बाद यदि रैयतों से दावा नहीं प्राप्त होता है उस परिस्थिति में संबंधित का राशि न्यायालय को हस्तांतरित कर दिया जायेगा, जहां से रैयत अपना राशि प्राप्त कर सकेंगे। कुछ मामले ऐसे भी सामने आये जिसमें परिवार के बीच भूमि बंटवारा या वंशवाद की समस्या दिखी। इसपर उपायुक्त ने कहा कि परिवार का संयुक्त खाता खोलवायें। यदि नहीं मानते है तो मामला न्यायालय भेज दिया जायेगा। बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला भू-अर्जन कार्यालय के सभी कर्मी मौजूद थे।

# यौन शोषण पीड़िता ने लगायी न्याय की गुहार, गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने का लगाया आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोयाबाद।** कनकनी हनुमान बाजार में मारपीट को लेकर यौन शोषण पीड़िता और उसकी मां ने शनिवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर आरोपी देवाशीष गोस्वामी की ओर से केस उठा लेने का दबाव दिए जाने का आरोप लगाया है। यही नहीं, वापस नहीं लेने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दिया जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि जब से थाने में मामला दर्ज हुआ है तभी से प्रतिदिन रात में उसके घर पर चार-पांच युवकों द्वारा दस्तक दिया जा रहा है। इस कारण वे लोग रात में ठीक से सो भी नहीं पाते हैं। संदेह है कि आरोपी के इशारे पर ही आपराधिक किस्म के लोग उसके घर दस्तक दे रहे हैं। वहीं, देवाशीष भी बार-बार फोन कर केस उठाने का दबाव बना रहा है। अब तक तीन-चार बार फोन कर चुका है। बाइक और फोन की मांग भी कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसके साथ किसने मारपीट की, किसने बाइक, मोबाईल और पैसा छीना वह नहीं जानती है। फिर भी आरोपी द्वारा यह कहा जा रहा है कि तुम गरीब लड़की हो। केस नहीं लड़ सकती। केस उठा लो नहीं तो तुम्हारे पिता और भाई पर छेड़खानी का झूठा केस कर जेल भेजवा देंगे। पीड़िता ने रोते हुए बताया कि देवाशीष ने उसे अपनी प्रेम जाल में फंसा कर उसका यौन शोषण किया। नशीला पदार्थ पिला कर पहले उसकी अस्मत लूटी। फिर उसका वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर लगातार हवस का शिकार बनाता रहा। हद तब हो गई जब वह मेरे ही आईडी से मेरे और मेरे एक दोस्त का फोटो वायरल कर दिया। इतना हो जाने के बाद भी उसे पुलिस पर भरोसा है कि इस मामले में उसे न्याय मिलेगा।

### 5 मई को अज्ञात युवकों ने की थी पिटाई

ज्ञात हो कि पांच मई को कनकनी हनुमान बाजार में निरसा से आए दो बच्चों के पिता को ग्रामीण युवकों ने पिटाई कर दी थी। दोनों पक्षों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैर जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। युवती ने उक्त व्यक्ति पर यौन शोषण, ब्लैकमेल करने और पैसे की धोखाधड़ी सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाया। वहीं उक्त व्यक्ति ने भी युवती पर घर बुला कर मारपीट करने, नग्न वीडियो बनाने, मल-मूत्र पिलाने, सात हजार रुपये छीन लेने का आरोप लगाया था।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झरिया में युवक ने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़क कर लगायी आग, मौत



झरिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के भगतडीह में 24 वर्षीय एक युवक ने शुक्रवार की रात अपने ही घर पर कमरे में शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान राहुल रंजन सिंह के रूप में हुई है। बतातें चलें कि रात में आग लगाने के बाद राहुल जोर-जोर से चीखने लगा। उसकी चीक पुकार सुनकर उसकी मां बबिता देवी और बहन वहां पहुंची, तो राहुल को आग से झुलस गया। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना आसपास के लोगों और पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की मानें तो आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया। सूचना के अनुसार राहुल चार साल पूर्व ही घनुडिह से भगतडीह आया था। वह मुंबई में रहकर काम करता था। 15 दिन पहले ही मुंबई से घर आया था। राहुल की मां बबीता ऐना कोलियरी स्थित बीसीसीएल के राजापुर कोलियरी अस्पताल में कर्मी है। जबकि राहुल के पिता रंधीर सिंह बीसीसीएल में डंपर ऑपरेटर थे। उनकी मृत्यु पूर्व में एक दुर्घटना के दौरान हो गई थी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,11, 518 वादों का निष्पादन, 65.74 करोड़ की हुई राजस्व वसुली



बोकारो (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुमारी रंजना अस्थाना की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन जिले के सभी नौ प्रखंडो में आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमारी रंजना अस्थाना ने किया। मौके पर डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन कुमार झा, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश आलोक कुमार दूबे, पीठासीन पदाधिकारी, श्रम न्यायालय अनुज कुमार, जेपीएन पांडे, रजनीश कुमार आदि मौजूद थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल एक लाख 11 518 वादों का निष्पादन हुआ, जिससे कुल 65 करोड़ 74 लाख 24 हजार 456 रुपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। इसके अलावा सशक्तिकरण शिविर में दो लाख 28 हजार 192 लाभुको के बीच कुल 107, 34,95,083 रुपये के परिसंपतियों का वितरण किया गया।

# 10वीं और 12वीं की परीक्षा में गोल के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**धनबाद।** सीबीएसइ की ओर से शुक्रवार को 10वीं-12वीं का परीक्षाफल जारी हुआ, जिसमें धनबाद गोल के सभी विद्यार्थी अच्छे नंबरों से सफल हुए हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाली विश्वसनीय संस्थान गोल के छात्रों ने 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कईयों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर गोल की परंपरा को कायम रखा है। 12वीं में 97.4 फीसदी अंक लाने वाली संस्थान की छात्रा आस्था अग्रवाल ने बताया कि गोल में अच्छे मार्क्स के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में मेरा 690 आने की संभावना है। उम्मीद है कि पहले प्रयास में ही टॉप मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा। उसने गोल के टेस्ट सीरीज की तारीफ करते हुए बताया कि नीट का पेपर देते समय मुझे लगा कि मैं गोल का सिमिलर टेस्ट पेपर दे रहीं हूं। वहीं, 94.4 फीसदी अंक लाने वाली संस्थान की छात्रा वैष्णवी ने बताया कि बोर्ड में अच्छे मार्क्स के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी मेरा 620 मार्क्स आने की संभावना है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के अलावा गोल इंस्टीच्यूट की पूर टीम को दी है। वैष्णवी ने कहा कि गोल इंस्टीच्यूट द्वारा बोर्ड और प्रतियोगिता दोनों कि एक साथ तैयारी करवाने का बेहतर संस्थान है। वहीं 95 फीसदी अंक लाने वाली छात्रा त्रिशा बताती है कि गोल संस्थान के सहयोग से हमने बोर्ड में अच्छे मार्क्स के साथ-साथ डिकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी पहले प्रयास में ही 645 से ज्यादा स्कोर किया है। उसने उसने अपनी सफलता के लिए गोल संस्थान के प्रतियोगी माहौल और यहां कि शिक्षकों की तारीफ करते हुए कहा कि गोल संस्थान में कॉम्पीटिटिव तैयारी एवं टेस्ट के साथ ही पर्सनल केयर के कारण हमने यह सफलता प्राप्त की है। वहीं, 86 फीसदी अंक लाने वाले विमल मरांडी ने कहा कि गोल का स्टडी मटेरियल और कंपटीशन के साथ ही बोर्ड बेस्ट टेस्ट इस तरह से लिया जाता है कि छात्रों को बोर्ड और कॉम्पटिशन दोनों एक साथ पहले प्रयास में ही निकालना आसान हो जाता है। उसने बताया कि गोल संस्थान के सहयोग से बोर्ड में अच्छे मार्क्स के साथ ही मेडिकल प्रवेश नीट में भी पहले प्रयास में 465 (एसटी) मार्क्स स्कोर किया। इसके अलावा 12वीं में 90 फीसदी अंक लाने वाली छात्रा विधि अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के साथ-साथ संस्थान को देते हुए गोल कि स्टडी मेटेरियल एवं शिक्षकों कि काफी तारीफ की। जबकि 10वीं के सफल छात्र आर्दश कुमार 94.40 फीसदी, नीतीश 94 फीसदी, गौरव 9.80 फीसदी, सृजन 92.60 फीसदी छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक लाकर अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ गोल संस्थान को देते हुए बताया कि गोल इंस्टीच्यूट से तैयारी करने का निर्णय अब तक का सर्वश्रेष्ठ निर्णय रहा। उधर, छात्रों को सफलता पर गोल इंस्टीच्यूट धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने शुभकामनाएं दी। कहा कि छात्रों की सफलता, उनकी मेहनत एवं समस्त गोल टीम की सफलता है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान की न्यू सेशन प्रारंभ हो चुका है, जिसमें बोर्ड में सफल छात्रों के लिए प्रतिभा के अनुसार 100 फीसदी तक छात्रवृति की व्यवस्था है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला

"अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"

संख्या –02/2023–24

1. विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 25.05.2023 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 26.05.2023 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 26.05.2023 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल संख्या–02, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला। 3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Special Repair of ITI Girls Hostel Electric Work, Septic tank, Water supply & Sanitary work and Deep boring (200x150mm dia.) & Installation of 2 H.P. work at Silam under block Sadar district Gumla | 1940335.00 | 38850.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 2. | Special Repair of ITI Boys Hostel, Electric Work, Septic tank, Water supply & Sanitary work and Deep boring (200x150mm dia.) & Installation of 2 H.P. work at Silam under block Sadar district Gumla | 1941163.00 | 38900.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 3. | Construction of P.C.C Road Parking Shed and ITI College gate work at Silam under block Sadar district Gumla | 2340825.00 | 46900.00 | 5000.00 | 3 Month |

PR.NO.297306 Building(23-24):D

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।



## कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

अल्पकालीन ई0 कोटेशन आमंत्रण सूचना

($5^{th}$ call)

अल्पकालीन ई0 कोटेशन संख्या–WRD/MID/ Latehar/ 03/2022-23

पत्रांक– 313 लातेहार/दिनांक– 13.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Rate through e-Quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 20 H.P.AC Solar Pump, Solar panel set (ii) 10 H.P DC Solar Pump & (iii) 5 HP DC Solar Pump with Solar panel, steel structure supplying ,installation & commissioning for lift irrigation scheme from Manufacture /Supplier having valid GSTIN for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Latehar Government of Jharkhand to be used in different pump plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http:// Jharkhandtenders.gov.in. Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 16.05.2023 at 12.30 PM to 26.05.2023 at 5.00 PM. The Quotation will be opened on 29.05.2023 at 12.30 AM The Quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at per with lowest market rate for forming of Estimates under Minor Irrigation Division, Latehar |
| 2 | ई0 कोटेशन वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 16.05.2023 12.30 अपराह्न। |
| 3 | ई0 कोटेशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 26.05.2023 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | ई0 कोटेशन खुलने की तिथि एवं समय | 29.05.2023 12.30 बजे अपराह्न |
| 5 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

PR 297302 Water Resource(23-24).D


## प्रेम, शांति, समृद्धि औा समरसता बनाये रखना लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य : न्यायाधीश

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 134.41 करोड़ की राजस्व वसूली

- कुल 78 हजार 633 विवादों का हुआ निपटारा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित लोग व सुनवाई करते गणमान्य।

**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर आयोजित साल 2023 के दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान देशवासियों को सामाजीक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। राष्ट्रीय लोक अदालत संविधान की परिकल्पना को पूरी करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसों की बर्बादी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। इसके साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों में प्रेम, शांति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर 2013 से पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत की शुरुआत हुई जो हर तीन माह में की जा रही है। वहीं, जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है, जहां तत्काल प्रभाव से सौमझैते के जरिए मामले का समापन हो जाता है और विवाद आगे नहीं बढ़ता है। बतातें चलें कि मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 17 बेंच का गठन किया गया था, जिनकी मदद से विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में 78 हजार 633 विवादों का निपटारा कर दिया गया। लगे हाथ कुल 134 करोड़ 41 लाख 84 हजार 623 रुपये की राजस्व वसुली भी की गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन रिकवरी के 299, अपराधिक मामले 471, बिजली विभाग के 447, लेबर एक्ट के 86, दांपत्य जीवन से संबंधित 94, वाद एनआईएक्ट के 282, मोटरयान दुर्घटना के 12 व अन्य विभिन्न तरह के 64 हजार 941 विवादों का निपटारा किया। उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

### पेयजलापूर्ति की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

धनसार (आजाद सिपाही)। बस्ताकोला ओसीपी आउटसोर्सिंग के समीप रहने वाले बंगाली कोठी बस्ती के ग्रामीणों ने शनिवार को पेयजल आपूर्ति व रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,खूँटी

Category-II के बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण सूचना

| क्र० | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट नं० | रकबा (हे० में) | Yearly Production on as per EC limit (CFT) | e- Tender Reference No. :- | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई– निविदा खोलने की तिथि | नियम एवं शर्तें | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बनई कोचा | रनिया तोरपा | प्लॉट सं०– 1652 (अंश), 3580 (अंश) | 14.40 | 76,29,120 | 15/KHN | 13.05.2023 | 19.05.2023 11:00 बजे तक | 20.05.2023 11:00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, खूँटी। |
| 2. | बारीगाड़ा | अड़की | प्लॉट सं०– 01 (अंश), 2827 | 23.34 | 1,48,38,638 | 16/KHN | | | | | |
| 3. | गोबिन्दपुर | कर्रा | प्लॉट सं०– 100 (अंश) | 11.85 | 62,78,130 | 17/KHN | | | | | |
| 4. | गुरबेड़ा | अड़की | प्लॉट सं०– 01, 39 | 11.06 | 70,31,505 | 18/KHN | | | | | |
| 5. | काईनारा जराकेल | रनिया | प्लॉट सं०– 1680 (अंश), 1681 (अंश), 578, 305 (अंश) | 14.50 | 76,82,100 | 19/KHN | | | | | |
| 6. | मैपा | अड़की | प्लॉट सं०– 805, 790, 2199, 01(अंश) | 20.31 | 1,29,12,285 | 20/KHN | | | | | |
| 7. | निचितपुर उलिहातु | तोरपा | प्लॉट सं०– 01 (अंश), 1023 (अंश), 1016 (अंश) | 36.10 | 1,91,25,780 | 21/KHN | | | | | |
| 8. | सोदे | रनिया | प्लॉट सं०– 1426 (अंश) | 10.21 | 54,09,258 | 22/KHN | | | | | |

नोट:– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- B के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावलीए शर्त्तों एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्त्तों एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
उपायुक्त,खूँटी

PR 297325 Mines and Geology(23-24).D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 14 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# बीजेडी प्रत्याशी दीपाली दास 48631 वोटों से जीतीं, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर, झारसुगुड़ा।** बीजू जनता दल (बीजेडी) की प्रत्याशी दीपाली दास को एक लाख 7 हजार 6 वोट मिले, जबकि भाजपा के प्रत्याशी टंकधर त्रिपाठी को 58 हजार 375 वोट मिले। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी तरुण पांडे को 4451 वोट मिला। बीजेडी प्रत्याशी दीपाली दास ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 48 हजार 631 वोट से हराया है।

उपचुनाव में बीजेडी प्रत्याशी दीपाली दास की बड़ी जीत के बाद मुख्यमंत्री ने उनसे फोन पर बात की और उन्हें बधाई दी। इस जीत के साथ ही मुख्यमंत्री ने झारसुगुड़ा के विकास की प्रक्रिया में तेजी लाने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने बीजेडी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने के लिए झारसुगुड़ा की जनता का भी आभार व्यक्त किया।

विजयी उम्मीदवार दीपाली दास ने झारसुगुड़ा के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत झारसुगुड़ा के लोगों की जीत है। आज मुझ पर विश्वास करने के लिए झारसुगुड़ा के लोगों का धन्यवाद। मेरे पिता के लिए उनके मन में जो प्यार था वह आज भी बरकरार है। दीपाली ने कहा कि मेरे पिता जैसे झारसुगुड़ा की सेवा करते थे, वैसे ही मैं भी करूंगी। दीपाली ने कहा कि आज मेरे पापा होते तो बहुत खुश होते। दीपाली ने कहा कि इस जीत पर मेरे दोनों पिताओं का आशीर्वाद था।' वे मेरे पिता नव दास और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक हैं। मैं आज मेरे पिता की अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री के सभी सहयोग के लिए बहुत आभारी हूं।

# झारखंड नेत्र सोसाइटी को मिला देश की सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी का सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी के लूलू बोल्गट्टी इंटरनेशनल कॉन्वेंशन सेंटर, कोच्ची में आयोजित 80वें वार्षिक सम्मलेन के उद्घाटन समारोह में झारखंड नेत्र सोसाइटी को ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी द्वारा बेस्ट स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया। मेट्रो मैन श्रीधरण और ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ हरबंश लाल एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ ललित वर्मा के संयुक्त रूप से साइंटिफिक एवं एजुकेशनल गतिविधियों के लिए दी जानेवाली इस अति विशिष्ट ट्रॉफी को मैनेजिंग कमिटी मेंबर सह चेयरपर्सन साइंटिफिक कमिटी डॉ भारती कश्यप ने ग्रहण किया।




मेट्रोमैन श्रीधरण एवं ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ हरबंश लाल एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ ललित वर्मा से बेस्ट स्टेट सोसाइटी का सम्मान ग्रहण करतीं डॉ भारती कश्यप।

मैनेजिंग कमेटी मेंबर सह चेयरपर्सन साइंटिफिक कमेटी डॉ भारती कश्यप ने बताया कि इसके लिए झारखंड से मैनेजमेंट कमिटी सदस्यों को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नेत्र चिकित्सा के पोस्ट ग्रैजुएट छात्रों के प्रशिक्षण, ग्लूकोमा, नेत्रदान, मोतियाबिंद, डायबेटिक रेटिनोपैथी इत्यादि के लिए पब्लिक अवेयरनेस कैम्पेन चलाने का निर्देश दिया गया कि साथ में पूरे राज्य में नेत्र चिकित्सा की नई नई विधियों से चिकित्सकों को अवगत कराने के लिए सेमीनार के आयोजन का निर्देश भी दिया गया। झारखंड में सर्वश्रेष्ठ काम होने की वजह से झारखंड को सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी के रूप में घोषित किया गया। इस सम्मान से झारखंड का नाम देश के मानचित्र पर नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से उभरा है। राज्य के इन चिकित्सा संस्थानों एवं नेत्र चिकित्सकों का योगदान उल्लेखनीय रहा : 1. कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, 2. बोकारो जेनेरल हॉस्पिटल, 3. गांधीनगर हॉस्पिटल, सीसीएल व 4. रिम्स रांची, साथ ही डॉ एनडी मिश्रा, डॉ पिंकी पाल, डॉ राशि श्याम, डॉ विवेक केडिया और डॉ विनय गुप्ता।

# ओड़िशा केंद्रीय विवि में '21वीं सदी के आंकड़े : नयी चुनौतियां और अवसर' पर विशेष संगोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सांख्यिकी विभाग, सीयूओ ने सुनाबेड़ा में अपने परिसर में '21वीं सदी के सांख्यिकी : नयी चुनौतियां और अवसर' पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। विशेष व्याख्यान के लिए बिधानचंद्र कृषि विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के प्रो अनुरूप मजूमदार और रावेनश विश्वविद्यालय, कटक के एसोसिएट प्रो डॉ महेश कुमार पांडा ने मुख्य वक्ता और अतिथि वक्ता के रूप में भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने अपनी शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि छात्र 21वीं सदी के सांख्यिकी में नयी चुनौतियों और अवसरों की कई विशेषताओं को सीखेंगे। विश्वविद्यालय के सलाहकार प्रो सुधेंदु मंडल ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया और भारत में सांख्यिकी के इतिहास के बारे में अपने बहुमूल्य विचार साझा किये। अर्थशास्त्र के सहायक प्रोफेसर और सांख्यिकी विभाग के प्रमुख बिस्वजीत भोई ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर भाषा संगृति विद्यापीठ के डीन प्रो एनसी पांडा, डॉ सुमन दास, डॉ विद्याधर बिशी, डॉ सुभाष पटनायक, डॉ बीरेंद्र सारंगी और जनसंपर्क अधिकारी डॉ फागूनाथ भोई सहित विभिन्न विभागों के संकाय, शोधकर्ता और छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सांख्यिकी विभाग की छात्रा समिधा बिस्वाल ने किया।

# बाफ्टा ने बाफ्टा ब्रेकथ्रू टैलेंट प्रोग्राम के लिए नेटफ्लिक्स के साथ की साझेदारी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** वर्ष 2021 और 2022 में बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया प्रोग्राम की जबर्दस्त सफलता के बाद बाफ्टा एक बार फिर तीसरे साल इस स्कीम को लॉन्च करने जा रहा है। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शनिवार से आरंभ हो रही है और यह पांच जुलाई तक चलेगी। यह प्रोग्राम राष्ट्र स्तर पर और यूके तथा यूएस में कार्यरत फिल्म, गेम्स और टेलीविजन उद्योगों में क्रिएटिव के लिए खुला है। यह साल इसलिए भी खास है, क्योंकि भारत में बाफ्टा ब्रेकथ्रू को नेटफ्लिक्स के सहयोग का तीसरा साल और यूके एवं यूएस में इसका चौथा साल है। इस प्रोग्राम में प्राप्तकर्ताओं को इस प्रोग्राम द्वारा अंतरराष्ट्रीय नेटवर्किंग के अवसरों में सहयोग के लिए छात्रवृत्ति के अलावा निम्नलिखित सुविधाएं दी जायेंगी। नेटफ्लिक्स इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट कंटेंट, मोनिका शेरगिल ने कहा कि ब्रेकथ्रू इंडिया के लिए लगातार तीसरे साल बाफ्टा के साथ सहयोग करने वाले अपने साझीदारों पर हमें गर्व है।

# कोविड के दौरान नर्सों की सेवा असाधारण : शाश्वती

## सम अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** कोरोना महामारी के दौरान सम कोविड अस्पताल में आये संक्रमितों की सेवा, देखभाल और उपचार में नर्सों की भूमिका अद्वितीय रही। एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) की उपाध्यक्ष शास्वती दास ने कहा कि उनके कौशल का प्रदर्शन केवल कोविड के दौरान ही हुआ। वे सम हॉस्पिटल द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। आइजीएच नर्सिंग स्कूल राउरकेला की पूर्वतन अध्यक्ष भारती कर ने नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र को अधिक महत्व देने पर अपने विचार व्यक्त किये।

वहीं सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर पुष्पराज सामंतसिंहार ने कहा कि हर नर्स में फ्लोरेंस नाइटिंगेल की एक छवि होती है। प्रो सामंतसिंहार ने कहा कि नर्सें अस्पताल की रीढ़ हैं। सम अस्पताल के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर राजेश लेंका ने कहा कि जहां डॉक्टर इलाज की सलाह देते हैं, वहीं नर्सें इसे लागू करती हैं। कार्यक्रम में सम अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक मिनती मिश्र ने स्वागत भाषण दिया। उप नर्सिंग अधीक्षक निरुपमा डगर ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल द्वारा नर्सों को शपथ दिलायी। नर्सिंग एजुकेटर रेणुलता दास ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी।

# खोरधा रोड मंडल रेलवे अस्पताल में मना परिचारिका दिवस



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** खोरधा रोड स्थित मंडल रेलवे अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्स (परिचारिका) दिवस मनाया गया। डॉ डी शरत बाबू, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, खोरधा रोड, डीएस वाणी, मैडम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ पीके दास, एसीएमएस, उर्मिला दास, सहायक नर्सिंग अधिकारी, रेलवे अस्पताल के अन्य डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे। डॉ डी शरत बाबू ने कहा कि नर्सों की निःस्वार्थता-समर्पण पूरे मानव समाज के लिए एक प्रेरणा है।

# स्टार्टअप सदस्यों के लिए वित्तपोषण का अवसर



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केनरा बैंक अंचल प्रमुख भुवनेश्वर, जगदीश चंद्र के मार्गदर्शन में केनरा बैंक ने स्टार्टअप ओड़िशा, ओड़िशा सरकार और ओड़िशा कॉरपोरेट फाउंडेशन के समन्वय से स्टार्टअप सदस्यों के लिए वित्तीय संभावना पर प्रस्तुति दी और 12 मई को ओड़िशा स्टार्ट अप इनक्यूबेशन सेंटर, भुवनेश्वर में एक संक्षिप्त कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में एमएसएमइ सुलभ भुवनेश्वर और केनरा बैंक, अंचल कार्यालय भुवनेश्वर के अधिकारियों ने प्रतिभागिता किया। इस कार्यक्रम में 30 स्टार्ट अप इकाइयों ने प्रतिभागिता किया और केनरा बैंक की सेवाओं और योजनाओं की सराहना की। ऋण प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त करने से एमएसएमइ इकाइयां लाभान्वित हुईं।

































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**